ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025

वर्ष 6, अंक 192, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12


## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी



- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

## सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

## एक नजर

### वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ



**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। दिल्ली में एटीएफ की कीमत 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।

### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

## डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत

- सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे

**रामनगर (चित्रकूट)।** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया। रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा
- विधानसभा से मऊ सदर सीट रिक्त होने की अधिसूचना जारी

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा।

इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है। मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। इन सभी को अलग-अलग मामलों में अदालत ने दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाई और इसी कारण इन्हें अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी।

## नहर में डूबने से पूर्व प्रधान समेत दो की मौत

संवाददाता, बरेली/माधोटांडा



मंजूर अहमद और अनीस अहमद (फाइल फोटो)

- पीलीभीत के सेल्हा बाबा की दरगाह पर बरेली से गए थे आठ लोग
- लौटने के दौरान डगा गांव के पास नहर में नहाते समय दोनों लोग डूबे

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक रोंधी निवासी पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की पीलीभीत जिले के डगा गांव के पास हरदोई ब्रांच की नहर में डूबने से मौत हो गई। पूर्व प्रधान को बेहोशी की हालत में निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, लेकिन उनके साथी का शव तलाश करने में गोताखोरों को करीब दो घंटे लग गए। हादसे के बाद जब दोनों के शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक रोंधी निवासी तौफीक ने बताया कि उनके गांव से रविवार को पूर्व प्रधान मंजूर अहमद, अनीस अहमद, बबलू, मुकेश, करेली निवासी गुलाम शाबिर, मेंहदी हसन, गुड्डू, बीडीओ कॉलोनी निवासी प्रताप सिंह, सेल्हा बाबा की दरगाह पर घूमने के लिए गए थे। वापस आते समय डगा गांव के पास से गुजर रही हरदोई ब्रांच की नहर में नहाने के लिए मंजूर अहमद (45) और अनीस अहमद (47) उतर गए। नहर के तेज बहाव में दोनों बह गए। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मंजूर अहमद को बेसुध हालत में निकाला और मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने अनीस अहमद का शव भी निकाल लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर दोनों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

> नहर में नहाते वक्त बरेली के दो युवक डूब गए थे। दोनों की मौत हो गई है। परिवार वाले पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। इसे लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।
> **- अशोक पाल,** इंस्पेक्टर माधोटांडा

## उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन अटैक, 40 लड़ाकू विमान नष्ट किए

कीव, एजेंसी

- 4000 किमी अंदर जाकर हवाई अड्डों व विमानों को निशाना बनाया

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए रूस की सीमा में 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके 40 से अधिक सैन्य विमान नष्ट कर दिए। रूस को इस हमले से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए थे।

यूक्रेन के एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमले को अंजाम देने में डेढ़ साल से अधिक का समय लगा और इसकी निगरानी व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने की। हमले के लिए ट्रकों में लादकर ड्रोन रूसी सीमा के काफी भीतर तक ले जाया गया।

ड्रोन से रविवार दोपहर को कई हवाई अड्डों पर खड़े 41 विमानों को निशाना बनाया गया जिनमें ए-50, टीयू-95 और 22टीएम विमान शामिल हैं। रूस ने इससे पहले पहले यूक्रेन पर मिसाइल दागने के लिए तुपोलेव टीयू-95 और टीयू-22 लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम इन बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल किया है, जबकि ए-50 का उपयोग लक्ष्यों का समन्वय करने और हवाई सुरक्षा के लिए किया जाता है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि उसके पांच हवाई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। कहा गया है कि एफपीवी ड्रोन ने इरकुत्स्क क्षेत्र के साथ उत्तरी मरमंस्क में हवाई अड्डों पर विमानों को नुकसान पहुंचाया। हमले ऐसे समय तेज हुए हैं जब दोनों पक्ष तुर्किए के इस्तांबुल शहर में सीधी बातचीत के नए दौर में शामिल होने जा रहे हैं।

## गुटखों के प्लास्टिक पैक पर एनजीटी का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्लास्टिक पाउच में गुटखा बिक्री रोकने के निर्देश का पालन नहीं

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख्त अनुपालन के संबंध में केंद्र से जवाब मांगा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर गौर किया कि अक्टूबर 2021 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 25 ऐसे निर्माताओं को निर्देश जारी किए थे, जिनमें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने तक तुरंत परिचालन बंद करना शामिल था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि वकील अनुज अग्रवाल के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें यह भी शामिल है कि प्लास्टिक से बने पाउच का उपयोग गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए नहीं किया जाएगा।

## रिश्वतखोरी में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

- सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित आवास से दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आईआरएस के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने कहा कि रिश्वत मांगने के अलावा भुगतान न करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने, भारी जुर्माना लगाने और उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

## डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।

### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** कस्बे के मंडी स्थल पर सामूहिक श्रीमद् भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ की शुरुआत की गई। रविवार को इस मौके परकलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। गोमती नदी से जल भरकर गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा में शामिल महिलाएं मंडी स्थल पहुंची। आचार्य पारस मणि महाराज की अगुवाई में यह कलश यात्रा संपन्न हुई। वृंदावन से आए आचार्य इंदु शेखर पांडे, आचार्य शौर्य दीक्षित द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। इस मौके पर रामभरोसे, प्रशान्त अवस्थी ,आदर्श, आदि रहे।

# पीटीआरः तेजी से बढ़ रहा किसानों के मित्र रेट स्नैक का कुनबा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैवविविधता के दम पर देश-दुनिया में ख्याति बटोर रहा है।

विशेष खासियत वाले जीवों से भरा पड़ा है। यहां वन्यजीवों से भरी दुनिया में सांपों का अद्भुत संसार भी अपना एक अलग मुकाम रखता है। सांपों के इस संसार में कई ऐसे सांप भी है, जो बेहद दुर्लभ है या फिर कोई न कोई विशेष खासियत के लिए जाने जाते हैं। खासियत भी कुछ ऐसी है, जिसे सुनकर एकबारगी तो हर कोई हैरत में पड़ जाएगा। इन विशेष खासियत वाले सांपों में एक रेट स्नैक भी शामिल है। जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक रेट स्नैक जमींन पर तेजी से रेंगने के साथ पेड़ों पर चढ़ने या पानी में तैरने में भी माहिर होता है। इन दिनों सांपों के प्रजनन काल के चलते रेट स्नैक का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है।


विशेष खासियत वाला रेट स्नैक। ● अमृत विचार

- पेड़ पर चढ़ने के साथ पानी में भी तैरने की रखता है क्षमता
- टाइगर रिजर्व में कई दुर्लभ प्रजातियों के सांपों की है मौजदूगी

तराई की गोद में फैले इस पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं इसके आसपास क्षेत्र में वन्यजीवों के साथ रेप्टाइल्स की भी एक अपनी दुनिया बसती जा रही है। इसमें शेड्यूल वन में शामिल अजगर से लेकर देश में बेहद कम दिखने वाला दुर्लभ प्रजाति का रेड कोरल कुकरी सांप भी शामिल है। जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक देश में पहला रेड कोरल कुकरी सांप नॉर्थ खीरी के जंगल में देखा गया था, जोकि पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटा है। वन्यजीव एवं पक्षी संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा वर्ष 2003 से लेकर अब तक किए गए अध्ययन में 18-20 प्रजातियां चिन्हित की गई है।

इसी में रेट स्नैक जिसे स्थानीय भाषा में घोड़ा पछाड़ या पगहैया सांप भी कहा जाता है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर मियां के मुताबिक रेट स्नैक लगभग पूरे देश मे ही देखा जा सकता है। करीब तीन मीटर तक लंबा रेट स्नैक सांपों के सबसे बड़े परिवार कोलूब्रीडी से ताल्लुक रखता है। रेट स्नैक टाइगर रिजर्व के अलावा अन्य मैदानी इलाकों विशेषकर खेतों में पाया जाता है।

### किसानों का मित्र भी है रेट स्नैक

विशेष खासियत वाला रेट स्नैक किसानों का भी है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर मियां ने बताया कि रेट स्नैक के प्रमुख भोजन में चूहा, मेढक लेकर चिड़ियां शामिल हैं। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले चूहों का वृहद स्तर पर नाश करने के चलते इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। किसानों के खेत में फसल तैयार होने पर चूहे प्रवेश हो जाते हैं ओर खेत में जमीन के अंदर बिल बनाकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। खास बात यह है कि जमीन पर तेजी से रेंगने के साथ पेड़ों पर चढ़ने और पानी में तैरने में भी माहिर होता है। आईयूसीएन में कम खतरे की श्रेणी में दर्ज रेट स्नैक सामान्य विषहीन होता है, मगर लोग कोबरा जैसे दिखने वाले रेट स्नैक को देखकर भयवश खतरा समझकर इसे मार डालते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में भी इन्हें सड़कों पर कुचला देखा जाता है जोकि इस प्रजाति के अस्तित्व पर एक खतरे का संकेत है।

## एक नजर

### किशोरी भगा ले जाने पर चार पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग भतीजी हाईस्कूल की छात्रा है। 31 मई को सुबह साढ़े नौ बजे वह स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी। काफी देर तक वापस न आने पर खोजबीन की गई तो पता चला कि उसकी भतीजी को मोहल्ला खैरुल्लाहशाह निवासी अमन पुत्र शब्लू अपने पिता शब्लू, चाचा गुड्डू व भाई आयान के सहयोग से बहला फुसलाकर ले गया है। जब वह आरोपियों के घर शिकायत करने गया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जुआं खेलते दो को पकड़ा

**पीलीभीत,अमृत विचार :** कोतवाली के ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि उन्होंने सूचना के आधार पर आवास विकास कॉलोनी के पीछे आम के बाग में छापा मारा। पुलिस ने मौके से दो युवकों को सट्टा पर्ची और ढाई सौ रुपये समेत पेन और डायरी समेत पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम फय्याज हुसैन पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी मोहल्ला शेर मोहम्मद, अकरम बारसी पुत्र असलम निवासी मोहल्ला बेनी चौधरी बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ठेकेदार और पुराने जेई ने की मनमानी, अब जिम्मेदारों की चुनौती बना काम

## नाला सफाई से लेकर निर्माणाधीन कार्यों में देरी, तकनीकी दिक्कत दूर कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बारिश के बाद सड़कों पर होने वाला जलभराव नगर निकाय चुनाव में मुद्दा बना और डेढ़ दशक से काबिज जायसवाल दंपति के तख्ता पलट के पीछे एक बड़ी वजह बना। अब विकास की प्राथमिकताओं के बीच जलभराव की समस्या का समाधान भी शामिल किया गया। इस पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मगर, अब ठेकेदारों की मनमानी और पुराने जेई की ओर से बरती गई लापरवाही ने चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। जिनको दूर कराया जा रहा है। फिर चाहे नए निर्माण कार्य हो या फिर नालों की तलीझाड़ सफाई। कागजी दावों के बीच धरातल की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

बारिश के दिनों में शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गली मोहल्ले जलभराव के बाद तालाब का रुप ले लेते हैं। सड़कें कई फीट तक पानी में डूब जाती हैं और यह पानी घर -दुकानों में घुसने लगता है। लंबे समय से चली आ रही इस दिक्कत को दूर कराने के लिए चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल ने संज्ञान लिया। 22 नए नालों का निर्माण कार्य 10.26 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। एक साल से अधिक समय से इनका निर्माण कार्य जारी है। बताते हैं कि पुराने जेई ने उस वक्त लापरवाही बरती और ठेकेदारों ने भी काम शुरू कर दिया। जिसके बाद दिक्कतें आना शुरू हो गई। गुणवत्ता पर सवाल उठने पर जांचें भी कराई जा चुकी हैं।

मानसून को देखते हुए 32 लाख रुपये की लागत से 28 नालों की सफाई का ठेका दूसरी एजेंसी को दिया गया है। जिम्मेदारों का दावा है कि 19 नालों की तलीझाड़ सफाई की जा चुकी है। नौ नालों को साफ कराने के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं। मानसून की दस्तक में महज 13 दिन बाकी है। बीते दिनों एसडीएम सदर ने चार फर्मों को ब्लैक लिस्ट किया गया था। इनमे से कुछ को अब भी निर्माण और नाला सफाई कार्य का ठेका मिला है। ।एसडीएम सदर की ओर से बीते दिनों ये भी आदेश दिए गए थे कि बरसात से पहले ही निर्माणाधीन कार्य पूरे कर लिए जाएं, ताकि कोई दिक्कत न आए। मगर पूर्व में निर्माण कार्य में बरती गई टेक्निकल ,खामियां अब चुनौती बनकर सामने आ रही है। ऐसे में सड़कों पर आवागमन की दिक्कत बनी हुई है। वहीं, जिन नालों की सफाई का दावा किया जा रहा है।


डिग्री कॉलेज चौराहा के पास चल रहा नाला निर्माण कार्य। ● अमृत विचार


रोडवेज के पास चल रहा नाला निर्माण कार्य। ● अमृत विचार


मोहल्ला नखासा का चोक नाला। ● अमृत विचार


पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास नाले में दोबारा फैली गंदगी।



पुराने जेई की ओर से बरती गई टेक्निकल खामियों के चलते कुछ दिक्कतें रही है। मगर, अब उनका सुधार कराया जा रहा है। निर्माणाधीन नालों को अधिकांश काम हो चुका है। मोहल्ला नखासा समेत अन्य कुछ नालों की सफाई अभी बाकी है। मानसून से पहले कार्य पूरा करा लिया जाएगा। टीमें लगातार मॉनिटरिंग भी कर रही हैं। - डॉ .आस्था अग्रवाल, चेयरमैन नगर पालिका

### रोडवेज वाले नए नाले में बिजली के पोल बने बाधा

मानसून की दस्तक नजदीक है। भले अधिकारियों की ओर से अधूरे निर्माण कार्य बारिश से पहले पूरा कराने के लिखित आदेश दिए जा चुके हो, लेकिन कई जगह हालात बदतर है। घन्नई ताल से रोडवेज की तरफ नाला निर्माण कार्य चल रहा है। ये काम अभी अधूरा है। बताते हैं कि यहां पर चार बिजली के पोल बीच में आ रहे हैं। इसके लिए पावर कारपोरेशन की ओर से स्टीमेट बनाकर दिया गया है। इसके अलावा एक धर्मिक स्थल भी है। जिसका समाधान कराने के लिए व्यापारी नेता से भी संपर्क कर वार्ता की गई है फिलहाल दावा है कि इसे जल्द ही शुरू कराया जा सकेगा।

### गंदगी के पीछे एक वजह ये भी...सख्ती नहीं

नगर पालिका की ओर से ठेका देकर कराई जा रही नाला सफाई के कार्य में ठेकेदार की ओर से लापरवाही बरतने की बात सामने आ ही रही है। वहीं, एक वजह और है। जिन नालों की सफाई की जा चुकी है। उसमें दोबारा से ठेला-फड़ और दुकान लगाने वाले कूड़ा करकट, डिस्पोजल, पॉलिथीन भी फेंक रहे हैं। जिससे दोबारा से नाले चोक हो जा रहे हैं। इस पर भी सख्ती नगर पालिका के स्तर से नहीं हो सकी है।

# सब्जियों की पैदावार से आय बढ़ाने के उपाय बताए


गोबल गांव में हुई गोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचारः** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गोबल में कृषि विभाग की ओर से कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान गोष्ठी की गई। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बेहतर फसल और आय बढ़ाने के उपाय बताए।

बरेली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एमपी सागर ने कहा कि किसान मछली, मुर्गी पालन करके अपनी आय में वृद्धि आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को इसके बारे में विस्तार से बताया। कहा कि युवा कृषक निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करके रोजगार आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। डॉ.सौरभ तोमर ने कहा कि कृषक सब्जी पैदाकर अपनी आए बढ़ा सकते हैं। टमाटर, मिर्च, फूलगोभी समेत अन्य सब्जियों के बारे मेंजानकारी दी। उनकी देखरेख करने के तरीके भी बताए। डॉ.चंद्रदेव ने फसल बीमा के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी का संचालन अनिल वर्मा ने किया।

# पति समेत पांच पर दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचारः** एक महिला ने अपने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि वह अपने मायके में पति व दो बच्चों के साथ रहती है। उसका पति जन सेवा केंद्र चलाता है। आरोप है कि उसके पति आए दिन नशा करता है। पति के दोस्त रमेश, अवधेश कुमार व दो अज्ञात अक्सर छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर पति मारपीट करता है। इससे परेशान होकर वह बीते दिनों अपनी रिश्तेदारी में चली गई थी। 25 मई को उसने अपने पति को कॉल की तो वह गाली गलौज करने लगा। अभद्रता की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बीसलपुर में मुख्य मार्ग से हटेगा टोल भवन असम चौराहे का सर्विस रोड होगी दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** दुर्घटना की आशंका के चलते बीसलपुर में मुख्य मार्ग पर बने टोल भवन को हटाया जाएगा। असम चौराहे के आसपास बने सर्विस रोड को भी गड्ढा मुक्त किया जाएगा। यह निर्देश डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए।

गांधी सभागार में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एनएचएआई के अधिशासी अभियंता ने बरेली-पीलीभीत-सितारगंज मार्ग पर चिन्हित 07 ब्लैक स्पॉट्स में से 03 पर सुधारीकरण कार्य पूरा करने और भौनी, माधोपुर तिराहा एवं निसरा में ब्लैक स्पाटस पर सुधारात्मक कार्य चलने और सरदार नगर स्थित ब्लैक स्पॉट पर जल्द कार्य शुरू कराने की जानकारी दी। डीएम ने पीलीभीत-सितारगंज मार्ग पर अप्सरा नदी पर दोनों तरफ रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए । बैठक में सभी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को वाहन स्टैंड के व्यवस्थित संचालन और नगर पालिका पूरनपुर में वाहन स्टैंड आवंटन करने को अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। डीएम ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी अज्ञात वाहन से घायल हुआ है तो उसे तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई जाये। वहीं यदि किसी की मौत हो गई है तो उसके परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। बैठक में प्रशासनिक अफसरों सहित एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के एक्सईन भी मौजूद रहे।


जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अफसर।

- डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने ग्रामीणों से किया संवाद समस्याएं भी सुनीं


गांव रुरिया घुरिया में संवाद करते केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- बिलसंडा क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचे, सभा में जताया आभार
- कुछ लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करवाया

**अमृत विचारः** केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गांव रुरिया घुरिया समेत कई गांवों में जन संवाद कार्यक्रम में पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया और सरकार की उपलब्धियां बताई।

सबसे पहले केंद्रीय राज्यमंत्री ने गांव रुरिया घुरिया पहुंचे। कहा कि जनता के वोट ने उन्हें यहां पहुंचाया है। अब उनकी बारी है, विकास करानो की। ग्राम प्रधान कालीचरन ने गांव रुरिया घुरिया से गांव बबूरा तक करीब तीन किमी मार्ग को पक्का कराने की मांग की। इसके अलावा गांवों में छुट्टा घूम रहे गोवंश की समस्या का निस्तारण कराने की ग्रामीणों ने मांग की। इस पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने मौके पर मौजूद बीडीओ अमित शुक्ला को निर्देशित किया कि हर हाल में हफ्ते भर के अंदर छुट्टा गोवंश गौशालाओं में भिजवाए जाएं। क्षेत्र के उन गांवों में नवीन गोशालाएं बनवाने को कहा, जहां पर पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है। इस पर बीडीओ ने जल्द ही मनरेगा से नवीन गोशालाओं का निर्माण कराए जाने की बात कहीं। ग्रामीण गुड्डू ने गांव में कच्ची शराब की बिक्री को लेकर शिकातस की। उन्होंने मौजूद महिलाओं से शराब बंद कराने के लिए हाथ उठवाए। फिर थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा को बुलाकर मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली, स्वास्थ्य एवं चकरोड संबंधी शिकायत की गई। जिनका मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

उधर क्षेत्र पंचायत सदस्य कुलदीप सिंह ने गांव भगवंतापुर से राठ तक पूर्व में बनी पीडब्ल्यूडी की सड़क के जर्जर होने पर उसकी मरम्मत कराए जाने की मांग की। इसके अलावा मन्निया, जगन्नाथपुर, लिलहर, मीरपुर हररायपुर आदि गांवों में भी जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

इस मौके पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,चेयरमैन डीके गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रेनू राज, देव स्वरूप पटेल, आयुष मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर महीप सिंह चंदेल, कुलदीप सिंह, रामपाल, हनीफ खां, ब्रह्मदीन शर्मा, रामेंद्र गोस्वामी, सतपाल राजपूत, जितेंद्र कुमार आदि रहे।

# राहत : एमडीआर टीबी मरीजों का अब तीन माह चलेगा इलाज

सौरभ सिंह, पीलीभीत

- बीपॉलएम रेजिमन के नाम से शुरु हुआ अभियान, 13 की जगह रह गई पांच गोली
- जिले में 1200 से अधिक मरीज, 90 मरीज एमडीआर के कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** टीबी के उन मरीजों के लिए जो मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) संक्रमण से पीड़ित हैं, उनके लिए एक राहत भरी खबर है। अभी तक मरीजों को साल भर तक थकाऊ इलाज झेलना पड़ता था, मगर अब इससे जुड़े मरीज महज तीन से छह माह के भीतर स्वस्थ्य हो सकेंगे।

शासन ने विशेषज्ञों की सलाह और शोध परिणामों के आधार पर बीपॉलएम रेजिमन नाम से एक नई दवा प्रणाली लागू की है, जो मरीजों को न सिर्फ जल्दी ठीक करेगी, बल्कि दवा की मात्रा भी काफी कम कर दी गई है। नई व्यवस्था को लागू करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है, जो अपने अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। हालांकि जनपद में अभी तक दवा का इंतजार किया जा रहा है। जिले में अभी 1200 से अधिक टीबी मरीज हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इनमें 90 एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस) के मरीज शामिल हैं। टीबी मरीजों को सरकार की ओर से निःशुल्क इलाज मुहैया कराते हुए प्रत्येक माह 500 रुपये भत्ता भी दिया जाता है। ताकि उसे इलाज कराने में किसी प्रकार की समस्या न हो। कई सामाजिक संस्थाएं और अफसरों ने टीबी मरीजों को गोद भी लिया है। उनके द्वारा हर माह पोषण किट दी जाती है। अभी तक एमडीआर वाले मरीजों का इलाज नौ माह से एक साल तक चलता है। जिसके तहत उन्हें एक दिन में 13 गोली खाने के लिए दी जाती थी। विशेषज्ञों की मानें तो एमडीआर-टीबी का इलाज लंबा और जटिल होता है। इसमें कई बार दूसरी पंक्ति की दवाओं का उपयोग करना पड़ता है, जो अक्सर साइड इफेक्ट भी पैदा करती हैं।

कुछ मामलों में मरीजों को कई महीनों तक अस्पताल में रहना पड़ता है। ऐसे में अधिक मरीज अधिक दवा होने के चलते कोर्स छोड़ देते थे। इस समस्या को देखते हुए अब शासन ने विशेषज्ञों की सलाह पर नई दवा तैयार की है। जिसको बीपॉलएम रेजिमन नाम दिया गया है। इस गोली में चार दवाओं को मिश्रण होगा। मरीज को एक दिन में पांच टेबलेट खानी होंगी। जबकि अभी तक मरीजों को एक दिन में 13 टेबलेट खानी पड़ती थी। ऐसे में मरीज भी मानसिक रूप से परेशान रहते हैं।

अफसरों की मानें तो इस माह से दवा का वितरण शुरु हो जाएगा। शासन की ओर से बीते दिनों से जिले दो सुपरवाइजर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। जहां प्रशिक्षण लेकर आने के बाद उनके द्वारा अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिम्मेदारों का मानना है कि टीबी के एमडीआर मरीजों के लिए यह एक सकारात्मक बदलाव है जो न केवल इलाज को प्रभावी बनाएगा, बल्कि मरीजों की जीवनशैली पर पड़ने वाले प्रभाव को भी कम करेगा।

### पुराने इलाज की चुनौतियां, अब नई उम्मीदें

सीएमओ डॉ . आलोक कुमार ने बताया कि अब तक एमडीआर मरीजों को 9 से 12 माह तक प्रतिदिन 13 गोलियां दी जाती थीं, जिनमें से कई दवाएं दूसरी पंक्ति की होती थीं, जो अक्सर साइड इफेक्ट पैदा करती थीं। इस कारण कई मरीज इलाज अधूरा छोड़ देते थे, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता था। बीपॉलएम रेजिमन इन सभी समस्याओं का समाधान लेकर आया है। इससे न केवल इलाज आसान होगा, बल्कि मरीजों का मनोबल भी बढ़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, कम गोलियों और कम अवधि में कोर्स पूरा होने से इलाज के प्रति मरीजों की भागीदारी भी बढ़ेगी। प्रशिक्षण पूरा हो गया है। दवा आते ही शुरु करा दी जाएगी।

### निगरानी और नियमित फॉलोअप पर जोर

शासन ने जिला अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे नए मरीजों को बीपॉलएम योजना में शामिल करें, उनका नियमित फॉलोअप करें और रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को भेजें ।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह योजना टीबी के खिलाफ लड़ाई में गेम चेंजर साबित हो सकती है और भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में निर्णायक भूमिका निभाएगी। हालांकि टीबी मरीजों की संख्या तेजी से घट रही है।

# कहासुनी के बाद रास्ते में घेरकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम अजीत डांडी निवासी जमुना प्रसाद पुत्र दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 27 मई को शाम सात बजे घूरे को लेकर गांव के श्यामाचरण, उनकी पत्नी उर्मिला देवी पुत्र रामपाल और हरीश से उसकी कहासुनी हो गई।

उसके पिता दुर्गा प्रसाद ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत करा दिया। उस दिन रात 11 बजे उक्त चारों लोग उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने घर की दीवार तोड़ दी। शोर शराबा होने पर आरोपी वहां से भाग गए। 28 मई को सुबह छह बजे वह दुकान से सौदा लेकर घर आ रहा था। गांव के चौराहा पर उक्त चारों लोगों ने उसे घेर कर लाठी डंडों से पिटाई कर दी।। जिससे उसका बाया हाथ टूट गया। शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## शहर में आज

- परिषदीय स्कूलों में समर कैंप के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं सुबह 7.30 बजे से।
- कस्बा घुंघचिहाई में मंडी स्थल पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा दोपहर 01 बजे।
- मोहल्ला खकरा स्थित सत्य नारायण मंदिर में जरूरतमंदों को भोजन वितरण दोपहर 12 बजे।

# सिद्धबाबा जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रॉली पलटी, 20 घायल

## देरी से पहुंची एंबुलेंस, मार्ग से गुजर रहे डीएम ने घायलों को पहुंचवाई राहत, एंबुलेंस प्रभारी का जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- अब मेले को देखते हुए मजिस्ट्रेटों की तय की जिम्मेदारी, खाद्य सामग्री की भी होगी सैंपलिंग
- एसडीएम सदर के सरकारी वाहन से घायलों को भिजवाया अस्पताल

**अमृत विचार:** बरेली से ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर सिद्धबाबा मेले जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद एंबुलेंस देरी से पहुंची।

मार्ग से गुजर रहे डीएम खुद मौके पर रुक गए और फिर घायलों को एसडीएम सदर की गाड़ी से घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे में करीब 20 लोग घायल हुए। इस हादसे के बाद मेले को देखते हुए डीएम के निर्देश पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

बता दे कि माधोटांडा रोड पर गजरौला थाना क्षेत्र में जंगल के बीच स्थित सिद्धबाबा स्थल पर मेला चल रहा है। रविवार सुबह बरेली जनपद के बहेड़ी थाना क्षेत्र के खुटरायां गांव के करीब 50 श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर मेले में जा रहे थे। सुबह करीब दस बजे माधोटांडा रोड पर ग्राम कैप के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के तमाम लोग और राहगीर जमा हो गए। एंबुलेंस के पहुंचने से पूर्व ही डीएम ज्ञानेंद्र सिंह अधिकारियों के साथ मौके पर आ गए।

उन्होंने अपनी मौजूदगी में राहत कार्य शुरू कराया। इसके बाद एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता की सरकारी गाड़ी से ही घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।

हादसे में हरप्यारी, पूरन देवी्र लक्ष्मी, भाग्यश्री, सत्यपाल, निर्वान, मुकेश, शकुंतला, कांति देवी, प्रेमवती, गेंदादेवी, गुड्डी, नारायन देवी, हंसमुखी, सीता देवी, लक्ष्मी, कुसुम, राजपाल, डॉली, तरुन समेत 20 लोग घायल हो गए। अन्य को मामूली चोट आई। इस हादसे के बाद मेले को देखते हुए अब अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### एडीएम की ओर से आदेश जारी..नौ को मिली जिम्मेदारी, पार्किंग व्यवस्था भी होगी दुरुस्त

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मेले को लेकर अब व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने पर जोर दिया है। इसके बाद एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। नायब तहसीलदार कलीनगर अक्षय यादव, नायब तहसीलदार सदर पवन यादव, राजस्व निरीक्षक काशीराम, राकेश कुमार, लेखपाल अमित गंगवार, जयशंकर, नरेंद्र कुमार, दीपक सागर, दीपिका को जिम्मेदारी दी है कि वह मार्ग पर आवागमन कर रहे वाहनों के सुरक्षित संचालन और पार्किंग की व्यवस्था कराएंगे। इसके अलावा एफएसडीएम टीम के तेज बहादुर और प्रेम कुमार यादव मेला क्षेत्र में संचालित दुकानों में खानपान की चीजों की गुणवत्ता की जांच करेंगे।

### यात्री बोले

हादसे के बाद एंबुलेंस को सूचना दे दी गई। मगर, एंबुलेंस देरी से पहुंची और उससे पहले ही अधिकारी पहुंच गए थे। इसे लेकर भी सख्ती की गई है। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई थी। जिसके बाद सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने 108 एंबुलेंस के नोडल अधिकारी का जवाब तलब किया है। ये जवाब मांगा है कि एंबुलेंस देरी से पहुंचने के पीछे क्या वजह रही।

# मंत्री की पोस्ट पर टिप्पणी करने वाला पकड़ से दूर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- साइबर सेल की मदद से सुरागरसी में जुटी है कोतवाली पुलिस
- कोतवाल बोले: बिहार की निकली आईडी, कराया जा रहा सत्यापन

**अमृत विचार:** राज्यमंत्री सिंह गंगवार की फेसबुक आईडी पर की गई पोस्ट पर विवादित टिप्पणी करने वाले को पुलिस नहीं तलाश सकी है। पखवाड़ा भर से अधिक समय बीतने के बाद भी उसकी सटीक जानकारी तक नहीं जुटाई जा सकी है। फिलहल पुलिस विवेचना जारी होने की बात कह रही है।

सदर कोतवाली में राज्यमंत्री के सोशल मीडिया संयोजक अनूप सिंह गंगवार की ओर से 14 मई को आई एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया था कि 13 मई को राज्यमंत्री के फेसबुक एकाउंट पर की गई पोस्ट में एक हरिशंकर झा नामक व्यक्ति ने आपत्तिजनक कमेंट किया। कोतवाली पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है। इस एफआईआर के दूसरे दिन ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, अमरिया ब्लाक प्रमुख श्याम सिंह, पूरनपुर नगर पालिका चेयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता, बीसलपुर नगर पालिका चेयरमेन के प्रतिनिधि अमन जायसवाल, बरखेड़ा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार, पूरनपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, बिलसंडा नगर पंचायत चेयरमेन डीके गुप्ता, नगर पंचायत पकड़िया नौगवां चेयरमैन के प्रतिनिधि संतोक सिंह संधु, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, नगर उपाध्यक्ष अंबरीश शर्मा आदि ने एसपी से मुलाकात कर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। मगर अभी तक आरोपी का पता नहीं लग सका है। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है। बिहार के एक पते की आईडी निकली है। इसकी तस्दीक कराई जा रही है कि ये असली है या नकली। कार्रवाई चल रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### शराब दुकान में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शराब की दुकान में नकब लगाकर चोरी करने के मामले में पुलिस नाबलिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से आठ बोतल अंग्रेजी शराब और दो बोतल बीयर बरामद की गई। कोतवाल पूरनपुर सतेंद्र कुमार ने बताया कि 28 मई की रात पूरनपुर देहात में कंपोजिट शराब की दुकान में लनकब लगाकर चोरी की गई थी। इस मामले में मोहल्ला कायस्थान के निवासी रमेश चंद्र शर्मा की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सुरागरसी के बाद मामले में मोहल्ला हबीबगंज गौटिया निवासी विकास पुत्र रामचरन और उसके नाबलिग साथी की रविवार को गिरफ्तारी की गई। नाबालिग आरोपी को किशोर सदन जबकि दूसरे आरोपी को जेल भेज दिया है।

### लूट की सूचना जांच में निकली फर्जी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लूट की सूचना पुलिस की जांच में फर्जी निकली। बीसलपुर रोड पर रूपपुर कमालू पेट्रोल पंप के पास रविवार सुबह करीब सात बजे क्योलड़िया बरेली की एक महिला ने यूपी 112 पर कॉल कर बताया कि वह अपने भाई के घर जा रही थी। असम चौराहा पर खड़ी हुई थी। इस दौरान दो युवक सफेद रंग की कार से आए और लिफ्ट देने की बात कही। लिफ्ट देकर गाड़ी में बैठा लिया। रूपपुर कमालू गांव के पास पहुंचते ही पायल, नकदी और गेहूं लदा थैला लूटकर उसे उतार दिया। यूपी 112 पुलिस और असम चौकी प्रभारी रविन्द्र बालियान मौके पर पहुंच गए। मामले की जांच की गई। सीसीटीवी चेक किए गए तो बताए अनुसार घटना होने की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने महिला को किराया देकर गंतव्य को रवाना कराया।

### बरखेड़ा में घर में घुसकर दंपती को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अलकथान गौटिया की शेषवती पत्नी हरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 मई की रात आठ बजे गन्ने की फसल व जमीन के बंटवारे को लेकर पप्पू और दौलतराम ने उनके साथ गाली गलौज की। इस दौरान विवाद में बीच बचाव करने आए लोगों को भी धमकाकर रोक दिया और घर में घुसकर आरोपियों ने हमला कर दिया। उनकी व पति की पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बीसलपुर में रंजिशन दंपती को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के निवासी रेखा देवी पत्नी राजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 मई की रात साढ़े आठ बजे उसके पति काम से जा रहे थे। इस बीच पुरानी रंजिश में मोहल्ले के ही सोनू, रामचंद्र, कौशल ने अपने चार अज्ञात साथियों की मदद से उन्हें रोका और पहले बुरा भला कहा इसके बाद सभी ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। जब वह बचाने गई तो उनको भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### खेत पर गए किसान को पीटा, नामजद रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव लखनऊकलां के रहने वाले नोखेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 24 मई की शाम साइकिल से खेत पर गए थे। इस दौरान साइकिल का पहिया पाइपलाइन पर चढ़ गया, जिसमें वह गिर गए। इसी बीच गांव के सत्य प्रकाश, मोनू और अनिकेत ने जानबूझकर गिरकर फसल खराब करने की बात कहते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पिटाई की। ग्रामीणों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# नौ जून को डीएम का घेराव करेगी भाकियू भानु

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मंडी समिति में हुई पंचायत में लिया गया निर्णय, अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु ने नौ जून को डीएम का घेराव करने के साथ ही अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का ऐलान कर दिया है।

भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत रविवार को हुई। इसमें नौ जून को होने वाले आंदोलन और डीएम का घेराव करने को लेकर रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि पूर्व में दिए ज्ञापन और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। इस पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यही वजह है कि अब घेराव करने का ऐलान किया गया है। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने कहा कि सदर तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों को छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। धड़ले से रिश्वतखोरी पनप रही है। क्षेत्रीय लेखपाल और निरीक्षकों की लापरवाही के चलते किसानों को अंश निर्धारण की समस्या का सामना करना पड़ रहा। जिला महामंत्री अशोक राठौर ने कहा कि हाल ही में हुए बीसलपुर तहसील में किसान आंदोलन में लिखित रूप में सात दिनों का आश्वासन एसडीएम नागेंद्र पांडे ने दिया लेकिन एक सप्ताह बीतने जा रहा है, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मौके पर निसार शाह, बाबूराम वर्मा, डॉ. इसरार अहमद, सबलू खान, सुखदेव सिंह, अखिलेश यादव, आदि रहे।

# कोतवाली पुलिस ने महिला को टरकाया अब एसपी से गुहार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** तलाकशुदा पति पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप एक महिला ने लगाया है। कोतवाली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि फरवरी में उसका अपने पति से तलाक हो गया था। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। आरोप है कि एक मई को वह घर में अकेली थी। अन्य सदस्य रिश्तेदार की शादी में गए हुए थे। इस बीच तलाकशुदा पति उसके घर आया और जबरन कमरे में लेजाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली में तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने टाल दिया। एसपी से रिपोर्ट दर्ज कराने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नहर का बहाव बंद कराने पर मिला अनीस का शव

संवाददाता, बरेली/माधोटांडा


पूर्व प्रधान मंजूर अहमद की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

- पूर्व प्रधान को बेहोशी की हालत में निकाल लिया गया था बाहर
- पुलिस ने डैम का पानी रुकवाकर उसके साथी की कराई तलाश

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक रोंधी निवासी पूर्व प्रधान समेत 8 लोग सेल्हा बाबा की दरगाह पर घूमने के लिए गए थे। वापस आते समय डगा गांव के पास से गुजर रही हरदोई ब्रांच की नगर में नहाने के लिए उतरे पूर्व प्रधान मंजूर अहमद और अनीस अहमद तेज बहाव के चलते डूब गए। पूर्व प्रधान को तो कुछ ही समय बाद बेहोशी की हालत में बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन उसके साथी को तलाश करने में गोताखोरों को दो घंटे लग गए।

हादसे के दौरान साथ में मौजूद पूर्व प्रधान मंजूर अहमद के अन्य साथियों ने बताया कि नहर का बहाव बहुत तेज था। मौके पर मौजूद मेहंदी हसन ने बताया कि वे लोग नहर में नहाने के लिए नहीं उतरे थे, जबकि अनीस और मंजूर अहमद नहर में नहाने के लिए कूद गए। इसी बीच शोर होने पर पहुंचे तो देखा कि दोनों डूब रहे थे। मंजूर तो पानी की सतह पर दिख रहे थे, उन्हें पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल बाहर निकाल लिया गया और आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे, लेकिन बचाया नहीं जा सका। वहीं अनीस अहमद कहीं दिखाई नहीं दे रहे थे। तब उन लोगों ने माधोटांडा पुलिस को सूचना दी गई थी। नहर के तेज बहाव के कारण अनीस की तलाश में दिक्कत आ रही थी। तब माधोटांडा पुलिस ने डैम पर बैठे कर्मचारियों से संपर्क किया और नहर में पानी के बहाव को बंद कराया। कुछ देर बाद जब बहाव कम हुआ तो गोताखोर दोबारा नहर में उतरे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद अनीस अहमद का शव बरामद कर लिया। मंजूर अहमद के चार बेटी और एक बेटा फैज है। वे खेती किसानी से जीवन यापन करते थे। मंजूर अहमद गांव के पूर्व प्रधान रह चुके हैं।

### तैराक होने के बावजूद नहीं बची दोनों की जान

साथी मेहंदी हसन ने बताया कि मंजूर और अनीस को तैरना आता था और शुरुआत में वे नहर में आराम से नहा रहे थे, जैसे ही वे नहर की झाल (तेज बहाव वाले क्षेत्र) के पास पहुंचे, वैसे ही उसमें फंस गए और डूबने लगे। साथियों ने बचाने की कोशिश की, मंजूर को कड़ी मशक्कत के बाद नहर से बाहर निकाला गया। उम्मीद थी कि मंजूर अहमद बच सकते हैं। तत्काल अस्पताल लेकर गए, लेकिन बच नहीं सके।

# जिले में 4 को 55.50 घंटे रहेंगी राज्यपाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


राज्यपाल के आगमन को लेकर खड़ंजा मार्ग को भी दुरुस्त किया जा रहा।

- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के आगमन पर तैयारियां तेज
- सड़कों पर साफ-सफाई का अभियान शुरू
- मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस तक मार्गों को किया जा रहा दुरुस्त

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आगमन को लेकर पीलीभीत से मुस्तफाबाद गेस्टहाउस तक मार्गों को दुरुस्त करने का कार्य तेज हो गया है। हरदोई ब्रांच नहर के किनारे कलीनगर पुल से खटीमा मार्ग को मिलाने पर खड़ंजा मार्ग पर तेजी से कार्य चल रहा है। राज्यपाल जिला मुख्यालय से इसी मार्ग पर होते हुए मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पहुंचेगी। इसके साथ ही पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे समेत शहरों की सड़क पर साफ-सफाई के साथ रैलिंग आदि पर रंग रोगन भी कराया जा रहा है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 04 जून को सुबह 10 बजे जनपद में पहुंचेगी। दो दिन ठहरने के बाद राज्यपाल 06 जून को पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ रवाना हो जाएगी। राज्यपाल जनपद में कुल 55.50 घंटे यहां रहेगी। इधर राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्यपाल 04 जून को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचेगी और पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में ठहरेगी। इसको लेकर दोनों गेस्ट हाउस को सजाया संवारा जा रहा है। अफसरों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। वहीं राज्यपाल चूका बीच भी जाएगी। ऐसे में चूका बीच को भी रंग रोगन करने के साथ जंगल मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है। चूंकि राज्यपाल 04 जून को सड़क मार्ग से पीलीभीत पहुंच रही है। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार से पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग होते हुए वाया कार मुस्तफाबाद गेस्टहाउस जाएगी। ऐसे में पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे समेत पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग के किनारे झाड़-झंकाड़ की सफाई करने के साथ सड़कों पर लगे संकेतांक और पुल-पुलियों की रेलिंग को चमकाया जा रहा है। हरदाई ब्रांच नहर के बांये किनारे पर लगे पुराने खड़ंजे की जगह नई ईटें लगाकर दुरुस्त किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर की सड़कों पर भी तेजी से काम चल रहा है। गड्ढों को भरने के साथ ही मुख्य मार्गों पर साफ-सफाई की जा रही है। प्रशासनिक अफसर लगभग सभी कार्यों पर अपनी पैनी नजर रखे हुए हैं।

# संचारी रोग: सफाई से लेकर फॉगिंग पर रहेगी नजर, 24 अधिकारी बनाए नोडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तीन पालिका और सात नगर पंचायतों में बांटा कार्यक्षेत्र
- डीएम ने दिए निर्देश प्रतिदिन करना होगा निरीक्षण

**अमृत विचार :** मानसून सत्र के बीच संचारी रोगों पर नियंत्रण करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तीन नगरपालिका और सात नगर पंचायतों में 24 जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया है। इन्हें आवंटित किए गए कार्य क्षेत्र में नाला नालियों की साफ सफाई के अलावा फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से आगामी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद की नगर पालिका और नगर पंचायतों में जिला स्तरीय अफसरों को नोडल बनाया गया है। इसमें शहर नगर पालिका में सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम प्रमेश कुमार, नायब तहसीलदार परितोष द्विवेदी और एसडीएम न्यायिक देवेंद्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है। ये शहर में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था, छिड़काव, पेयजल आदि का निस्तारण कराएंगे। प्रतिदिन निरीक्षण आख्या भी देनी होगी। पूरनपुर नगर पालिका में एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, तहसीलदार हबीब उर्रहमान, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी व ऋषि कुमार को जिम्मेदारी दी है। जबकि बीसलपुर नगर पालिका में तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार वीरेंद्र प्रताप सिंह और अवधेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता और नायब तहसीलदार ऋषि मिश्रा को प्रभारी बनाया है। इसी तरह कलीनगर में एसडीएम कलीनगर महिपाल सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर में नायब तहसीलदार पवन कुमार, प्रखर सिंह, नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा में तहसीलदार अमरिया विदेह सिंह, नगर पंचायत जहानाबाद में एसडीएम अमरिया मंयक गोस्वामी, नायब तहसीलदार रमेश चंद्र को जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह बिलसंडा नगर पंचायत में एसडीएम न्यायिक ऋषिकांत राजवंशी और नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह, बरखेड़ा नगर पंचायत में एसडीएम नागेंद्र पांडे को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# कार में लिफ्ट देकर ग्रामीण से लूट लिए 10 हजार

संवाददाता, बिलसंडा



- हरियाणा से मजदूरी कर घर लौट रहा था पीड़ित युवक
- पुलिस ने की पड़ताल, खंगाले सीसीटीवी फुटेज

**अमृत विचार:** हरियाणा से मजदूरी करके घर लौट रहे एक मजदूर को कार सवार लोगों ने लिफ्ट दी और फिर 10 हजार रुपये लूट लिए। उसे धक्का देकर कार से बाहर गिरा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए गए। हालांकि पुलिस मामले को लूट नहीं चोरी बता रही है।

थाना क्षेत्र के गांव बिलहरा निवासी अजय कुमार ने बताया कि वह हरियाणा मजदूरी करने गए थे। वहां से वापस बीसलपुर पहुंचे। रविवार सुबह करीब दस बजे बीसलपुर से ऑटो से बिलसंडा के निगोही ब्रांच नहर की पुलिया तक आए। वहां पर उतर गए। पुलिया पर बैठकर गांव जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस बीच कार सवार आकर रुके और लिफ्ट देकर बैठा लिया। आरोप है कि नहर मार्ग पर सुनसान में पहुंचते ही कार रोकी और तीन लोगों ने जबरन जेब में रखे 10 हजार रुपये लूट लिए। लूटपाट के बाद धक्का देकर कार से बाहर फेंक दिया। इसके बाद कार लेकर बिलसंडा की ओर भाग गए। शोर पर लोग जमा हो गए। घटना की सूचना 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पुलिस ने बीसलपुर मार्ग पर कई प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी भी खंगाले, लेकिन कोई खास सुराग नहीं मिल सका। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि लूट की घटना नहीं है। ग्रामीण का पर्स निकाल लिया गया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# विवाहिता पर हमला करने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** भंडारे में जाने की हामी भरने पर गुस्साए ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई कर दी। मायके वालों के सामने ही हमला किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के गांव दियोराजपुर निवासी कालीचरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उनके यहां भंडारा है। उनकी पुत्री की शादी थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव परेई के युवक से हुई है। भंडारे का न्योता देने के लिए रविवार को पुत्री की ससुराल गए थे। आरोप है कि जब पुत्री की ससुराल पहुंचे और उसकी विदा करने की बात कहीं, तो उसके ससुराल वाले गुस्सा गए। पहले पुत्री को मायके भेजने से मना किया। इसके बाद उनके सामने ही पुत्री की पिटाई कर दी। उसे सीएचसी भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# दहेज में नहीं मिली कार, तो सिपाही ने किया प्रताड़ित

संवाददाता, पीलीभीत

- एसपी के आदेश पर विवाहिता ने पति समेत 11 पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर सिपाही पति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया। प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता मायके चली गई। जहां से इसकी शिकायत पुलिस से की। मामला सुलह समझौता केंद्र भेजा गया, तो आरोपी पक्ष वहां भी पेश नहीं हुआ। इस पर पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के मिश्रन टोला निवासी प्रतिभा शर्मा पुत्री अनिल शर्मा ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 11 नवंबर 2024 को विवेक शर्मा निवासी सुभाष विहार थाना भजनपुरा दिल्ली के साथ हुई थी। शादी में परिवार वालों ने करीब 15 लाख रुपये खर्च किए थे। इस दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। पति विवेक शर्मा, सास शारदा देवी, ससुर संजीव शर्मा, जेठ ललित शर्मा, चचिया ससुरा राजीव शर्मा, राजकुमार शर्मा व हरप्रकाश शर्मा, हरप्रकाश की पत्नी बेबी शर्मा, उनके पुत्र अचल और विनोद शर्मा दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। दहेज न देने पर उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। पति विवेक शर्मा ट्रैफिक कांस्टेबल है। 15 दिसंबर 2024 को ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने पिता के साथ मायके में आ गई। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की। । एसपी के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मंगनी कार्यक्रम तय अचानक निकास से इंकार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रिश्ता पक्का करने के बाद मंगनी का कार्यक्रम तय कर लिया गया है, लेकिन अचानक लड़का पक्ष ने दहेज में कार की डिमांड करना शुरू कर दी। जब लड़की पक्ष ने असमर्थता जताई। तो लड़का पक्ष ने निकाह करने से इनकार कर दिया। इस मामले में पीड़िता ने खुद लड़का पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी हुदा नाज पुत्री मोहम्मद दानिश ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसका निकाह आमान पुत्र नवाब हुसैन निवासी मोहल्ला खैरुल्लाशाह के साथ तय हुआ था। 22 जून 2025 को मंगनी का कार्यक्रम होना था। इससे पूर्व आमान की मां रेहाना, पिता मेराज हुसैन, मामा नसुरत, मामी उजमा, ताऊ मोहम्मद मियां भाई असद, बहन सबीना उसके घर आए। आरोपियों ने दहेज में कार और मकान की मांग की। इतनी बड़ी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। लड़के वालों से काफी मिन्नतें की। परिवार वालों ने इज्जत का वास्ता दिया लेकिन दहेज लोभियों ने निकाह करने से इनकार कर दिया। तब मजबूरी में थाने में कार्रवाई का पत्र दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकाला

**बीसलपुर, अमृत विचार :** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी रामनिवास की पुत्री कीर्ति देवी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 30 जून 2021 को शाहजहांपुर जनपद के थाना सिंधौली क्षेत्र के ग्राम रेरिया निवासी हरिओम से हुई थी। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने 28 अप्रैल को मारपीट की गई। किसी तरह कॉल कर मायके वालों को बुलाया और पुलिस की मदद से परिवार ने जान बचाई। पुलिस ने मामले में पति हरिओम, सास मुन्नी देवी, देवर संदीप, चचिया ससुर अहिवरन लाल, चचिया सास रामदेई, चचेरा देवर शिवम, लक्ष्मी देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


## इंटर में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाली छात्राओं को किया सम्मानित




विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को सम्मानित किया। ● अमृत विचार

**सितारगंज।** इंडस नेशनल स्कूल, साधुनगर, सितारगंज में कक्षा 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हरनीत कौर, पुत्री सुखदेव सिंह, निवासी बिलसंडा तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गुरलीन कौर, पुत्री कुलविंदर सिंह, निवासी पूरनपुर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से दोनों छात्राओं के अभिभावकों को दस-दस हजार रुपये की धनराशि भी सम्मानस्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर गुरलीन कौर के पिता कुलविंदर सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों योगेश ब्रजवासी, सरस्वती बोहरा, कविता जोशी एवं नितेश वर्मा का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के मैनेजर भुवनेश सिंह ने छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


**जिले में तीन केंद्रों पर कराई गई परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था भी रही सख्त**

# बीएड परीक्षा : तीखी धूप गर्म हवाओं के थपेड़ों के बीच इम्तिहान, 108 गैरहाजिर

## परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले दिया गया अभ्यर्थियों को प्रवेश, अफसर करते रहे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को पूरे अनुशासन और सख्ती के साथ संपन्न हुई। भीषण गर्मी और सख्त सुरक्षा के बीच तीन केंद्रों पर दो पालियों में हुई। इसमें कुल 108 अभ्यर्थियों ने अंतिम समय में पीछे हटना ही बेहतर समझा। जबकि दूसरी पाली में 107 ने परीक्षा दी। परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया, वहीं प्रशासनिक अफसरों की सतर्क निगाहें हर गतिविधि पर टिकी रहीं। सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त रही कि हर अभ्यर्थी को नियमों की कसौटी पर खरा उतरना पड़ा।

बीएड प्रवेश परीक्षा को संपन्न कराने के लिए तीन कॉलेजों में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए। ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और सनातन धर्म बांके बिहारी रामा इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गया। यहां कुल 1104 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जहां पहली पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक होनी थी। जिसके चलते सुबह नौ बजे से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लाइन लगना शुरू हो गई। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान गेट पर तैनात सचल दल ने सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया। किसी को भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले जाने दिया गया।



परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की चेकिंग करता पुलिस कर्मी।



महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग करती ड्यूटी कर्मचारी।



चेकिंग के बाद मेटल डिटेक्टर से निकलते अभ्यर्थी।

### एक घंटे पहले मिला अभ्यार्थी को प्रवेश

परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी को सुबह 8 :00 बजे प्रवेश दिया गया। प्रथम प्रश्न पत्र की बुकलेट 8 :45 बजे अभ्यर्थियों को दी गई। इसी के साथ प्रथम प्रश्न पत्र की बुकलेट ठीक नौ बजे खोली गई। जिसके बाद अभ्यार्थियों ने अपना पेपर करना शुरू किया। शासन की ओर से निर्धारित किए गए समय के आधार पर 12 बजे पेपर छोड़ दिया गया। वहीं द्वितीय पाली में प्रश्न पत्र की बुकलेट 1 :45 बजे दी गई। सघन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

### डीएम ने भी किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

बीएड प्रवेश परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सबसे डीएम ने ड्रमंड इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज और उपाधि महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही कक्ष में अभ्यर्थियों की कॉपी भी चेक की। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र की निगरानी करते रहे। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

पहली पाली में सुबह नौ बजे से 12 बजे तक परीक्षा चली। इस दौरान नोडल अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान कोई भी नकल सामग्री नहीं पकड़ी गई। पहली पाली में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 400 में 355 उपस्थित रहे, जबकि 45 गैरहाजिर रहे। राम इंटर कॉलेज में 400 में 361 उपस्थित रहे, जबकि 39 अनुपस्थित रहे। जबकि उपाधि महाविद्यालय में 304 में 280 उपस्थित रहे और 24 गैरहाजिर रहे। इसके बाद दोपहर दो बजे दूसरी पाली की परीक्षा शुरू कराई गई। 1104 अभ्यार्थी पंजीकृत थे और 107 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपाधि महाविद्यालय में एक अभ्यर्थी बढ़ गया था। अफसरों ने दोनों परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले कक्ष निरीक्षक की आईडी चेक की। उसके बाद परीक्षा दे रहे कई अभ्यार्थियों की कॉपी चेक की। हालांकि निरीक्षण के दौरान कुछ आपत्तिजनक नहीं मिल सका।

इधर, प्रत्येक केंद्र के लिए विश्वविद्यालय की ओर से लगाए गए पर्यवेक्षक और जिला प्रशासन के स्टेटिक मजिस्ट्रेट निगरानी करते नजर आए। मॉनिटारिंग करने के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम से सीसीटीवी की मदद से प्रत्येक केंद्र पर निगरानी की जाती रही। दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों की कॉपी कड़ी सुरक्षा के बीच डबल लॉक में रखवाईं गईं।

> परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई है। सचल दल को किसी प्रकार की कोई नकल नहीं पकड़ गई है। दोनों पालियों में 215 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं। फिलहाल, किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। – **डॉ. दुष्यंत कुमार**, प्राचार्य उपाधि महाविद्यालय

## समाज और राष्ट्रसेवा के लिए जागरूक हो छात्राएं

**बीसलपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वच्छ गंगा मिशन के राष्ट्रीय आयाम प्रमुख डॉ. रवि शरण सिंह चौहान ने कहा कि छात्राएं देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। वह अपने अंदर समाज व राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करें। वह नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पूर्व छात्राओं के आयोजित हुए सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। संचालन विद्यालय की पूर्व छात्रा नैंनसी पांडे ने किया। उपप्रधानाचार्य जनार्दन मिश्रा, कार्यालय प्रभारी प्रमोद अग्निहोत्री, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अशोक दीक्षित, शशि सौरभ आदि मौजूद रहे।

## 24 घंटे के बाद सुचारू हुई पांच हजार घरों की जल आपूर्ति

- मोटर बदलने के बाद चालू हुई पानी की आपूर्ति, पालिका ने जारी की सूचना
- शनिवार को टीवी टावर और नकटादाना चौराहा स्थित पंप की फूंकी थी मोटर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** करीब पांच हजार घरों में जल संकट आखिरकार 24 घंटे बाद खत्म हो गया है। शनिवार को टीवी टावर और नकटादाना चौराहा स्थित पंप की मोटर जल जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी। देर रात शनिवार को चले मरम्मत कार्य के बाद रविवार को जल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि कुछ जगह पर प्रेशर की समस्या बनी रही।



टीवी टावर नलकूप पर मोटर ठीक करते जलकल प्रभारी। ● अमृत विचार

टनकपुर हाईवे पर टीवी टावर के पास बने पंप हाउस में हाई वोल्टेज के फ्लक्चुएशन के चलते शनिवार को मोटर फूंक गई थी। इसके बाद नकटादाना चौराहा पर बने पंप हाउस की मोटर में भी फॉल्ट हो गया था।

पंप हाउस की मोटर फूंकने से निरंजन कुंज कॉलोनी, सुभाष नगर कॉलोनी, अंबेडकर नगर कॉलोनी, नेहरू पार्क के पीछे, देशनगर, सुरभि कॉलोनी, एकता नगर, कॉलोनी, देशनगर, आईटीआई कॉलोनी के साथ नकटादाना पंप से ऑफिसर्स कॉलोनी, बनकटी रोड कॉलोनी, नकटादाना चौराहा, साईधाम, कॉलोनी में होने वाली सप्लाई भी ठप हो गई थी। पानी न आने पर लोगों ने पालिका को सूचना दी। इसके बाद टीम को मौके पर भेजकर मरम्मत कार्य शुरू कराया गया।

हालांकि छह बजे सफलता मिल गई थी, लेकिन मोटर दोबारा से डाउन हो गई। ऐसे में पूरे दिन इन इलाकों के पांच हजार घरों में पानी की समस्या बनी रही थी। इस पर जल कल प्रभारी तारिक हसन खां ने देर रात शनिवार को मोटर की मरम्मत करवाकर उन्हें ठीक करवाया। करीब सुबह चार बजे जल आपूर्ति चालू कर दी गई थी।

## समूह के साथ काम करके आय बढ़ा सकतीं हैं महिलाएं

- नोडल अधिकारी कुमार प्रशांत ने आकांक्षी ब्लाक पूरनपुर में किया निरीक्षण
- चाँट फिरोजपुर में आंगनबाड़ी केंद्र व कंपोजिट विद्यालय में देखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** शासन से नामित नोडल अधिकारी/निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने दूसरे दिन आकांक्षात्मक ब्लाक पूरनपुर में कंपोजिट विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। रुरिया सलेमपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पानी की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली।

शासन द्वारा आकांक्षात्मक ब्लाक पूरनपुर के लिए समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी एक दिन पूर्व पूरनपुर पहुंचे थे। रविवार को नोडल अधिकारी ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के साथ पूरनपुर ब्लाक स्थित चॉट फिरोजपुर पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, बच्चों को मिलने पोषाहार वितरण की जानकारी ली।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पंजीकृत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नियमित पोषाहार वितरित किया जा रहा है। यहां नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बच्चों का नियमित वजन कराया जाये। कंपोजिट विद्यालय चाँट फिरोजपुर के निरीक्षण में विद्यालय में मौजूद स्वयं सहायता समूहों के कार्यों और उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों एवं बिक्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाएं समूह के साथ कार्य करके अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं तथा आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास, शिक्षकों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने गांव रूरिया सलेमपुर पहुंचकर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ कुमदेंद्र कलाकर सिंह, डीडीओ संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम मनीष गंगवार, बीएसए अमित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी आदि अधिकारी मौजूद रहे।



गुरुद्वारा श्रीकलगीधर सिंह साहिब में मौजूद संगत। ● अमृत विचार

## हेमकुंड साहिब के लिए बाइक यात्रा रवाना

**मझोला, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्रीकलगीधर सिंह साहिब से रविवार सुबह श्री हेमकुंड साहिब के लिए बाइक से जत्था रवाना हुआ। ये जत्था छह जून की शाम वापसी करेगा। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथि गुरजंट सिंह, वंशदीप सिंह चीमा, लवजीत सिंह, अंशवीर सिंह, हरविंदर सिंह, ओमकार सिंह, वीरेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, रजवंत सिंह, बलविंदर सिंह गिल, मंजीत सिंह रंधावा, जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीसीसीएफ ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीटीआर में निरीक्षण के दौरान वन अफसरों के साथ खड़े पीसीसीएफ सुनील चौधरी।

- चेनलिंक फैसिंग, निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर का लिया जायजा

**अमृत विचार।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर दो रेंजों में कराई गई चैनलिंक फेंसिंग का निरीक्षण करने के साथ कराए गए अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष नियंत्रण एवं पर्यटन मैनेजमेंट की जमकर सराहना की।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी तीन दिवसीय दौरे के तहत बीते 30 मई को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने वन अफसरों के साथ माला एवं महोफ रेंज में कराए गए चेनलिंक फेंसिंग कार्य का निरीक्षण किया। पीटीआर में वन्य जीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को वाटर होल का जायजा लिया। वन अफसरों से सोलरवाटर पंपों से तालाबों में पानी भरने की जानकारी की। रेंजों में स्थापित ई-सर्विलॉस टावर व वाच टावरों को देखा।

सामाजिक वानिकी प्रभाग पीलीभीत के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में होने वाले पौधरोपण की तैयारियों का जायजा लेने के साथ मार्ग किनारे पौधारोपण तथा पौध शालाओं का निरीक्षण किया गया। तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने पूरनपुर रेंज के गोपालपुर वन खंड के अन्तर्गत निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर में कराए जा रहे कार्यों को देखने के साथ ही अधूरे कार्यों जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने चूका बीच में पर्यटन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सैलानियों की बढ़ती संख्या देख प्रसन्नता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके, उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, क्षेत्रीय वनाधिकारी सहेंद्र यादव, रॉबिन सिंह आदि मौजूद रहे।

**अमृत विचार आपके साथ....**

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे। Email : kheri@amritvichar.com




## आरोपी गिरफ्तार

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विनीत कुमार अपने गांव की एक नवविवाहिता को भगा ले गया था। पुलिस ने पांच दिन पहले महिला को बरामद कर लिया था। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### नाना-नानी से लेकर नातिन तक बना रहीं रील, हर माह आठ से 10 हजार रुपये कर रहे कमाई

# रील बनाकर रियल जिंदगी में खुशी के रंग भर रहे बच्चे व बुजुर्ग

अवनीश शुक्ला/सुशील गुप्ता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया अब सिर्फ मनोरंजन का ही साधन नहीं रहा, बल्कि कमाई का जरिया बन रहा है। जिले के तमाम युवक-युवतियों से लेकर बच्चे और बुजुर्ग विभिन्न प्लेटफार्म पर वीडियो अपलोड कर हर माह 8 से 10 हजार रुपये की कमाई कर रहे हैं। इससे न सिर्फ उन्हें एक नई पहचान मिल रही है, बल्कि रियल जिंदगी को रंगीन बना रहे हैं।

कुछ सालों से फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और व्हाट्सऐप का चलन काफी बढ़ गया है। बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्गों तक का अधिकांश समय सोशल मीडिया पर व्यतीत हो रहा है। यह प्लेटफार्म अब इनकी कमाई का जरिया बन गया है। जनपद के गांव नौगवां निवासी 62 वर्षीय नंदलाल अपनी 60 साल की पत्नी नन्ही के साथ रील बनाकर हर माह 10 से 15 हजार की कमाई कर रहे हैं तो वहीं उनकी सात साल की नातिन शालिनी और करीब 10 साल की पोती वेदिका भी कमाई कर रही हैं। हालांकि नंदलाल के घर लगभग सभी लोग रील बनाते हैं, लेकिन पैसा सिर्फ तीन लोगों को ही नियमित मिल रहा है।

### रील बनाकर हर माह कमाई कर रही शालिनी



नौगंवा निवासी सात वर्षीय शालिनी कक्षा एक की छात्रा है, जो रील बनाकर हर माह आठ से 10 हजार रुपये कमा रही है। कलावती ने बताया भतीजी रील बनाया करती थी, जिसे देखकर बेटी शालिनी ने भी रील बनाना शुरू कर दिया। पिछले करीब एक साल से रील बना रही है। पहली बार शालिनी को 10 हजार रुपये मिले। इसके बाद 22 हजार और फिर 12 हजार रुपये खाते में आए। हालांकि अब आठ से 10 हजार रुपये आ रहे हैं। इस समय शालिनी के चार लाख 74 हजार फॉलोअर हैं।

### शौकिया तौर पर की शुरुआत, अब हो रही कमाई



नंदलाल ने बताया कि मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहे थे। करीब एक साल पहले हमारी भांजी और बेटी रील बनाया करती थी। एक दिन भांजी ने रील बनाने के लिए प्रेरित किया। शुरुआत में झिझक लगी। मगर, जैसे तैसे वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड किया। वीडियो बनाने में बेटी कलावती ने सहयोग किया। इसके बाद लोगों के सकारात्मक कमेंट से हौसला बढ़ गया। सबसे पहले 10 हजार रुपये और उसके बाद 18 से 20 हजार रुपये आए। हालांकि इस समय आठ से दस हजार रुपये प्रतिमाह आ रहे हैं, जिससे परिवार का पेट पल रहा है।

# बाछेपारा के गोआश्रय में मिलीं अव्यवस्थाएं, सेक्रेटरी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** ब्लॉक बेहजम के गांव बाछेपारा के गो आश्रय स्थल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और उसका सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सीडीओ ने जांच कराई। इसमें अनियमितता मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है।

पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें बाछेपारा गो आश्रय स्थल में गायों की दुर्दशा दिख रही थी। बताते हैं गोवंश गर्मी में पीने के पानी को तरस रहे थे। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सीडीओ अभिषेक कुमार ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सचान के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की। सीवीओ डॉ. दिनेश कुमार सचान के नेतृत्व में पहुंची जांच टीम ने मौके पर जांच की तो कई अनियमितताएं पाई गईं। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सीडीओ ने शनिवार को ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल राजवंशी को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा ग्राम प्रधान जानकी प्रसाद यादव को नोटिस जारी कर बीडीओ बेहजम नीरज दुबे व पशु चिकित्सा अधिकारी बेहजम डॉ. अनिरुद्ध सिंह से स्पष्टीकरण मांगा है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि गोवंश की सेवा, विशेष रूप से निराश्रित गोवंश की देखभाल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

# नगर सृजन योजना में निघासन को लगा झटका...मिले सिर्फ 13 लाख

### पिछले साल नगर पंचायत को मिली थी 4.75 करोड़ की धनराशि, नहीं विकास कार्य

केके मौर्य/रणधीर सिंह, निघासन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में इस बार नगर पंचायत को करारा झटका लगा है। शासन ने इस बार सिर्फ 13 लाख रुपये दिए हैं, जबकि पिछले वर्ष नगर पंचायत की झोली में 4 करोड़ 75 लाख रुपये आए थे। इस वित्तीय वर्ष में 13 लाख रुपये मिलने से नगर के विकास कार्य प्रभावित होंगे।

नगर पंचायत बड़ी और नई होने के कारण यहां पर सड़क, नाली आदि का काम अधिक होना है। मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत लगभग छह करोड़ की सड़क बनने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, लेकिन शासन से एक ही सड़क पास होने से नगर पंचायत को करारा झटका लगा है। चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य ने बताया कि कई ठेकेदारों ने क्षमता से अधिक सड़क आदि बनाने का काम ले रखा है।

मई बीत जाने के बाद भी अभी तक कार्य चालू भी नहीं कराया गया है, जबकि यह कार्य 31 मार्च तक पूरा होना था। पूरी धनराशि खर्च नहीं हो सकी है, जिसके चलते शासन ने धनराशि नहीं भेजी है।




नगर पंचायत निघासन कार्यालय।

### ठेकेदारों की लापरवाही पड़ी भारी

नगर पंचायत में ठेका लेने वाले ठेकेदार ठेका लेने के बाद काम कराना भूल गए। ठेका लिए एक साल हो गया है, लेकिन अभी तक तमाम जगहों पर काम चालू तक नहीं हो सका है। एक माननीय के चहेते ठेकेदार विपिन वर्मा ने कस्बे में जल निकासी के लिए नाला बनाने का काम ढाई साल पहले लिया था, लेकिन अब तक वह काम चालू नहीं हो सका है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण का भी काम एक साल पहले पूरा होना चाहिए था। वह भी अधूरा पड़ा है। बताते हैं कि इसलिए नगर सृजन में कम रुपये आए हैं, जिससे विकास का पहिया थम गया है।

सभी ठेकेदारों को योजनाओं के तहत समय रहते कार्य कराना चाहिए था। लोगों का नुकसान हुआ है। -बक्शीश सिंह



ठेकेदार किसी भी माननीय का चहेता हो, लेकिन काम में लापरवाही बरतने वालों को दोबारा टेंडर नहीं देना चाहिए। सीताराम



बारिश का समय नजदीक है। क्षेत्र बड़ा है। लापरवाही किसी और की और खामियाजा भुगतना पब्लिक को पड़ेगा। जसपाल सिंह पल्ला, किसान नेता



> लापरवाह ठेकेदारों को नोटिस देने के लिए कहा गया है, जो काम नहीं कराए गए हैं, उनके ठेकेदारों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। -**बद्री प्रसाद मौर्य**, अध्यक्ष, नगर पंचायत।

## शिक्षा से ही संभव है समाज का विकास

**मैगलगंज, अमृत विचार:** मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र के गांव सेमराघाट रविवार को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे। उन्होंने समाज के लोगों को बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्रीपाल राठौर ने कहा कि आज के परिवेश में हम सब शिक्षा की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलवाए, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार ही तीन मूल मंत्र हैं।

जिससे हम अपना ही नहीं, बल्कि परिवार एवं समाज का विकास कर सकते है। भारतीय संविधान ने सभी को समानता का अधिकार दिया है। उन्होंने समाज के लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने के साथ वोट देने से पहले पार्टी नहीं, बल्कि प्रत्याशी का चयन करें। रामतीर्थ, गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर, गन्ना डेलीगेट खाग सिंह, बृजेश, प्रदीप कुमार, सूरज कुमार, राम सिंह, सत्यदेव, नरवीर, रोहित, अंग्रेज सिंह, सुलखन सिंह, रवि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# शारदानगर पर बना पैंटून पुल बहा

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचार:** पहाड़ों पर भारी बारिश होने के बाद शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव रामनगर के पास बना पैंटून पुल बह गया। इससे करीब 24 गांवों का आवागमन ठप हो गया। मझगईं जाने वाले लोगों को अब करीब 70 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ेगी। वहीं नदी के पार खेती करने वाले किसानों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

विकास खंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर के पास शारदा नदी पर पैंटून पुल हर साल बरसात समाप्त होने के बाद बनाया जाता है। तमाम किसानों के नदी के उस पार खेत हैं। लोग पुल से आवागमन कर खेती-किसानी करते हैं। इसके अलावा पलिया के मझगईं जाने के लिए यह रास्ता क्षेत्र के लोगों के लिए काफी मुफीद है। इधर कई दिनों से पहाड़ों में हो रही बारिश के बाद नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। नदी की तेज धार की चपेट में आकर पैंटून पुल शनिवार रात बह गया। उसके पीपे (कछुए) नदी में दूर तक बह गए। जिससे गांवों का संपर्क एक-दूसरे से कट गया है। करीब 24 से अधिक गांव प्रभावित हैं। पैंटून पुल से सैकड़ों लोगों का आना-जाना रहता है।

पुल के बह जाने से सैकड़ों गांवों के लोगों को आने-जाने के लिए अब 70 किलोमीटर का चक्कर लगा कर अपने रिश्तेदारों तक पहुंचना पड़ेगा। पीडब्ल्यूडी के जेई रामचंद्र वर्मा ने बताया उत्तराखंड के पहाड़ों पर बारिश होने के कारम अचानक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। समय से पहले बाढ़ आने से पुल क्षतिग्रस्त हो गया। अब सरकार ने पुल हटाने का भी आदेश जारी कर दिया है। पैंटून पुल के बहने से गांव रामनगर, पकरिया, तिगड़ा, सल्लिया, मुड़िया समेत करीब 24 गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित होगा। इन गांवों के लोग इसी पैंटून पुल से आते-जाते हैं।



शारदा नदी पर बना रामनगर गांव के पास बहा पैंटून पुल। ● अमृत विचार

- पहाड़ों पर हुई भारी बारिश से बढ़ा नदी का जलस्तर

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राज्यपाल

संवाददाता, पलिया कलां

- पूरे दिन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे अधिकारी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को दोपहर करीब 2:00 बजे दुधवा पहुंचेंगी। इसको लेकर पूरे दिन अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। दुधवा से लेकर चंदनचौकी के गांव बलेरा स्कूल तक वह दौड़ते नजर आए।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दोपहर दो बजे मुझहा (पलिया) हवाई पट्टी पर पहुंचेगी। यहां से वह कार से दुधवा जाएगीं। दुधवा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद में वे दोपहर में दुधवा सफारी का आनंद लेंगी। जहां पर वे दुधवा के गगनचुंबी पेड़ों वाले सुंदर वनों एवं उनके बीच विचरण करते विभिन्न दुर्लभ वन्य जीव- जंतुओं का दीदार करेंगी।

दुधवा में ही रात्रि विश्राम कर दूसरे दिन सुबह थारू क्षेत्र चंदनचौकी के बलेरा स्कूल पहुंचेंगी। वहां बच्चों के चल रहे समर कैंप को देखेंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी की किट आदि प्रदान करेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह ने बताया कि राज्यपाल के दौरे को लेकर बलेरा स्कूल में सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। बलेरा स्कूल में पहुंचकर राज्यपाल विभिन्न विभागों के वहां लगे आठ स्टालों का निरीक्षण करेंगी और बच्चों एवं अन्य प्रस्तुत किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों किट आदि प्रदान करेंगी। इसके बाद वह दुधवा आकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

रविवार को पूरे दिन उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्र, परियोजना अधिकारी यूके सिंह, सीओ यादुवेंद्र सिंह समेत तमाम अधिकारी दुधवा से लेकर गांव बलेरा तक दौड़कर तैयारियां का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने गांव की उन महिलाओं से भी बात की, जिन्हें राज्यपाल से मिलना है। व्यवस्था चाक चौबंद रहे। इसको लेकर अधिकारी पूरे दिन बलेरा गांव में डटे रहे और निरीक्षण करते रहे।

## पैतृक भूमि को नवीन परती में किया दर्ज डीएम से शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव भवानीगंज निवासी प्रेमशंकर ने पैतृक भूमि को चकबंदी विभाग द्वारा नवीन परती में दर्ज करने और तहसील के कर्मचारियों पर प्रॉपर्टी डीलरों से रकम लेकर बिना कोर्ट के आदेश के कब्जा दिलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रेमशंकर ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि उसके पिता खदेरू पुत्र बिहारी ने 1968 में एक किता जमीन करन सिंह से खरीदी थी, उस पर पक्के कमरे और सहन का निर्माण कराया था, जिस पर उनका कब्जा है। 2005 में हुई चकबंदी में नियम विरुद्ध पैतृक भूमि को नवीन परती में दर्ज करा कर शिवशंकर, दयाशंकर, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, रेखा देवी निवासी ग्राम द्वारिकागंज में प्रधान की मिलीभगत से पट्टा करवाकर दो लाख रुपये में बेच दी। जानकारी होने पर उन्होंने मुकदमा तहसीलदार कोर्ट में दायर किया। सितंबर 2021 को तहसीलदार ने उक्त भूमि पर कब्जा दिलाने आए तो उनके कागज देखकर वह माफियाओं एवं नियम विरुद्ध कार्य करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश दिया था। वह मुकदमे की पचासों तारीख पर पेशी कर चुका है पर कोई नतीजा नहीं निकला।

# गोला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं में हुआ सुधार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर के रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम में बने महिला, पुरुष शौचालय में साफ-सफाई में काफी सुधार हुआ है। अमृत विचार अखबार में प्रकाशित खबर के बाद स्टेशन पर वेटिंग रूम के बंद पड़े महिला, पुरुष शौचालय यात्रियों के लिए चालू करा दिए गए हैं, साथ ही डस्टबिन से बह रही गंदगी की साफ-सफाई कराकर, चूना डलवाकर चोक हुए शौचालय के पीछे से गंदगी, मलबा हटवाकर यात्रियों की सुविधाएं बहाल करा दी गई हैं।


अमृत भारत योजना के तहत 6 करोड़ 65 लाख रुपये से छोटी काशी गोला के रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराया गया है, जिसका 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दिया था। उद्घाटन वाले दिन स्टेशन परिसर के वेटिंग रूम में बने महिला, पुरुष शौचालय में पानी, फिनाइल, साफ-सफाई की व्यवस्था देखने को मिली, साथ ही शौचालय के बाहर बावर्दी सफाईकर्मी भी बैठे दिखाई दिए। उद्घाटन के दूसरे दिन से ही स्टेशन परिसर पर प्लेटफार्म के वेटिंग रूम में बने शौचालय में ताले लगवा दिए गए, जिससे यात्रियों विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

अमृत विचार अखबार ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था। रेलवे प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेकर एक सप्ताह के भीतर ही शौचालय के पीछे पड़े मलबे को हटवाकर चोक शौचालय की मरम्मत, साफ-सफाई करवाकर सही करा दिया और शौचालय के बाहर रखी डस्टबिनों में गंदगी भरी रहती थी, जिससे प्रतीक्षालय गंदा हो जाता था। सफाई कर्मियों ने उसे भी साफ कराकर, चूना डलवाकर दुरुस्त करा दिया है। टॉयलेट के बाहर सफाईकर्मी भी बैठा दिया है। इससे अब यात्रियों को टॉयलेट आदि के लिए सड़क पार कर रोडवेज डिपो में बने शौचालय में नहीं जाना पड़ता है। टॉयलेट में ताले पड़े रहने से विशेष कर महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी।

प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर चार दिनों में ही शौचालय की समस्या का समाधान करा दिया गया है। शौचालय चालू हो जाने से यात्रियों ने अमृत विचार अखबार और रेल विभाग के अधिकारियों का आभार जताया है। लखनऊ की ओर जाने वाली सुबह पहली ट्रेन 5.30 बजे जाती है और रात में 11 बजे लखनऊ से ट्रेन गोला रेलवे स्टेशन पर आती है। इसके बीच में भी लखीमपुर, सीतापुर, लखनऊ, पीलीभीत, मैलानी को जाने वाली रेल गाड़ियां अपने निर्धारित समय पर आती जाती हैं, जिससे सुबह से लेकर शाम तक स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म और वेटिंग रूम में यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में शौचालय की व्यवस्था न होने से यात्रियों को काफी दिक्कतें हो रही थीं। रेलवे प्रशासन के व्यवस्थाओं को बहाल किए जाने से अब यात्रियों ने राहत महसूस की है।



चोक शौचालय का मलबा हटाकर साफ-सफाई करते सफाईकर्मी। ● अमृत विचार




साफ-सफाई होने पर प्रतीक्षालय का प्रयोग करते यात्री। ● अमृत विचार

- वेटिंग रूम का शौचालय कराया चालू, सफाई पर भी दिया ध्यान


रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का दावा खोखला

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।



रेलवे स्टेशन के शौचालय में जाती महिला।

# फलदार, छायादार पौधों का होगा रोपण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अटल वन, शौर्य वन व त्रिवेणी वन की होगी स्थापना

**अमृत विचार:** ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए शौर्य और पराक्रम की झलक जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने वाले पौधरोपण अभियान में दिखाई देगी। इस अभियान को एक पेड़ गुरु के नाम से जोड़ा गया है। अटल वन, त्रिवेणी वन, एकलव्य वन, शौर्य वन, आक्सी वन, गोपाल वन की भी स्थापना की जाएगी। इस बार पौधरोपण अभियान में फलदार, छायादार, औषधीय व इमरती पौधों को वरीयता दी जाएगी।

मुख्य वन संरक्षक सामाजिक वानिकी ने पौधारोपण अभियान को लेकर वनाधिकारियों के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग की है। मुख्य वन संरक्षक ने पूरे अभियान की रूपरेखा भेजी है। जिसमें एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव को लेकर विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं। डीएफओ संजय बिस्वाल ने बताया कि वन महोत्सव के दौरान एकता वन, अटल वन, एकलव्य वन, आक्सी वन, शौर्य वन, गोपाल वन, त्रिवेदी वन की स्थापना की जाएगी। हाल ही में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लांच कर भारतीय सेना ने दुश्मन देश के दांत खट्टे किए हैं। भारतीय सेना समय-समय पर अपने शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन भी करती रहती है, जिसकी याद में शौर्य वन की स्थापना की जाएगी। आक्सी वन शहरों में पर्यावरण को शुद्ध रखने और त्रिवेणी वन में नीम पीपल और पकड़ के पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गोशालाओं में गोपाल वन स्थापित किया जाना है। इसके साथ ही वेटलैंड संरक्षण वन, पौध भंडारा, पौधों की बरात, भाई-बहन पौधा रोपण, पवित्र धारा पौधारोपण, एक पेड़ गुरु के नाम आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य वन संरक्षक की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान में 20 प्रतिशत फलदार पौधों की प्रजातियां का रोपण होगा। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

पौधारोपण कार्यक्रम सभी विभागों के समन्वय एवं जन सहभागिता के साथ होगा। नदियों के दोनों किनारों पर पीपल, बरगद, पकड़, नेम, जामुन तथा जल भराव क्षेत्र के लिए उपयुक्त प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। पौधों में फलदार, छायादार, औषधीय एवं इमरती पौधे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों व जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम में चिन्हित परिवार दो-दो सहजन के पौधों का रोपण जरूर करेंगे।

## समर कैंप में बच्चों को पाककला के तहत चोखा बाटी बनाना सिखाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राजकीय स्कूलों में समर कैंप का आयोजन चल रहा है। इसमें बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए रोजाना तरह तरह की गतिविधियां कराई जा रही हैं। इसके तहत रविवार को बच्चों को पाक कला के तहत चोखा बाटी बनाना सिखाया।

कृष्णानगर स्थित राजकीय हाईस्कूल में आयोजित समर कैंप में करीब 100 से अधिक छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। इनको रोजाना शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराने के साथ मानसिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुकूल प्रतिभा एवं विशिष्टता को परिष्कृत करने का अवसर देना है। इसके तहत रविवार को बच्चों को चोखा बाटी बनाना सिखाया गया। छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने मिलकर चोखा बाटी बनाकर सेवन किया। उधर, गूम राजकीय बालिका हाईस्कूल के समर कैंप में प्रधानाचार्या डॉ. शशी तिवारी के नेतृत्व में शिक्षिका कुसुम देवी एवं रुचि वर्मा ने छात्राओं को विभिन्न प्रांतों के प्रमुख व्यंजन बनाना सिखाया।

> राजकीय स्कूलों में अनिवार्य में रूप से समर कैंप आयोजित हो रहे हैं। इनमें छात्र-छात्राओं को शासन से निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई जाती है। गत दिवस पाककला के तहत चोखा बाटी, खीर आदि व्यंजन बनाना सिखाया गया। -**डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस।

## जितेंद्र मितौली शमशेर धौरहरा के सीओ बने

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** नवागत सीओ जितेंद्र सिंह परिहार को सीओ मितौली व सीओ मितौली रहे शमशेर बहादुर सिंह को सीओ धौरहरा बनाया है। सीओ धौरहरा पीपी सिंह को मथुरा के लिए कार्य मुक्त कर दिया गया।

शासन ने चार दिन पहले सीओ धौरहरा पीपी सिंह का स्थानांतरण मथुरा कर दिया था। उनकी जगह पर आजमगढ़ एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात सीओ जितेंद्र सिंह परिहार को भेजा है। सीओ जितेंद्र की आमद दर्ज होने के बाद एसपी संकल्प शर्मा ने उन्हें मितौली सर्किल की जिम्मेदारी दी है। वह थाना मितौली नीमगांव और मैगलगंज का पर्यवेक्षण करेंगे। मितौली सीओ शमशेर बहादुर सिंह को धौरहरा का नया सीओ बनाकर भेजा है।

JYOTI COLLEGE
OF MANAGEMENT SCIENCE & TECHNOLOGY
E-mail : contact@blyjyoticollege.com | Web : www.jyoticollege.com
College Code : 2430244
ADMISSION OPEN
❖ M.Sc. Nursing
❖ B.Sc. Nursing
❖ Post Basic B.Sc. Nursing
❖ G.N.M. ❖ A.N.M. ❖ D. Pharma
❖ D.M.L.T. ❖ M.Ed. ❖ B.Ed.
❖ D.P.T. ❖ D.R. Optometry

Our Facilities
● R.O. Drinking Water ● Free Health Check-Up ● Free Facility for Preparation of Competitive Exams ● Free Personality Development Classes ● Free Basic Computer Course ● Free Classes for Value Added Courses ● Guidance & Counseling Facility ● Placement Facility
Campus : Mudiya Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly UP-243122
Head Office : Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly UP-243003
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक

30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता

महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।


चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant

महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।

जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist

पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।

पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।

निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।

सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द

सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177


## रिश्ते के मामा ने युवती से किया दुष्कर्म का प्रयास

**निघासन, अमृत विचार:** कस्बा निवासी युवती (21) कस्बे में खाना बनाने का काम करती है। युवती ने बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे वह काम करके घर आ रही थी। रास्ते में रिश्ते के मामा ने रोका और छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि हाथ पकड़कर खींचकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर पिटाई की, जिससे उसकी पीठ लाल हो गई। शोर मचाने पर खेतों में काम करने वाले लोग आ गए। इस पर आरोपी भाग गया। युवती ने परिवार वालों को पूरी बात बताई। परिजन युवती को लेकर रकेहटी पिकेट पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन सिपाहियों ने सुलह का दबाव बनाया। परेशान युवती और परिजनों ने एक नेता को जानकारी दी। उन्होंने कोतवाल से बात की। कोतवाल ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। उसके बाद फिर रकेहटी के सिपाहियों को मामला सौंप दिया। सुलह न करने पर सिपाही दोनों को जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाया था। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# पहली पॉली में 254 और दूसरी में 252 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

### बीएड प्रवेश परीक्षा: सात केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, पंजीकृत थे 3235 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को शहर के सात केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 3235 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 254 पहली पॉली में और 252 दूसरी पाली में अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराया गया था।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा देने के लिए सुबह सात बजे से ही अभ्यर्थियों का केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र से लेकर परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति मिली। एआई तकनीक वाले कैमरों की निगरानी में दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक और नकलविहीन संपन्न हुई। पहली पाली का पेपर सुबह नौ से 12 बजे तक हुआ। इसमें 2981 अभ्यर्थी शामिल रहे। तो वहीं दूसरी पाली का पेपर दो बजे से शाम पांच बजे तक हुआ। इसमें 2983 अभ्यर्थी मौजूद रहे। सातों केंद्र पर परीक्षा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में संपन्न हुई।



आर्य कन्या महाविद्यालय से पेपर देकर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

> रविवार को शहर के सात केंद्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। पहली पाली में 254 और दूसरी पाली में 252 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।
> –डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस।

### बोले अभ्यर्थी अच्छा हुआ पेपर



आर्य कन्या डिग्री कॉलेज केंद्र से परीक्षा देकर निकली राजापुर निवासी रूचि राज ने बताया कि जनरल नॉलेज के सवाल सामान्य थे। हालांकि प्रश्नपत्र अच्छा आया था। पहली पाली का पेपर तो अच्छा हुआ है अब दूसरी पाली का पेपर देखा कैसा आता है। हालांकि उम्मीद है कि दूसरी पाली का पेपर भी अच्छा होगा।



शहर के आर्य कन्या महाविद्यालय केंद्र पर परीक्षा देने आई गोला निवासी नशरह अंसारी ने बताया कि पहली पॉली का तो पेपर अच्छा हुआ है। जनरल नॉलेज इस बार ज्यादा कठिन नहीं था। दूसरी पाली में स्ट्रीम विषयों के अलावा रिजनिंग का पेपर होगा। 200 नंबर के 100 प्रश्न थे। निगेटिव मार्किंग की वजह से जो आते थे वही सवाल हल किए हैं।

## संस्कृत भाषा हमारी भारतीय संस्कृति की धरोहर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- हमें सदैव संस्कृत के साथ-साथ सुभाषितों का स्मरण करते रहना चाहिए
- सुभाषित से होता है सुंदर वातावरण का निर्माण तथा संस्कृत भाषा से नई ऊर्जा का संचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्माण योजना के अंतर्गत संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा में संस्कृत भाषा का महत्व बताया गया।

संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सरिता शुक्ला ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत गीतांजली ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता दीनदयाल शुक्ल ने कहा कि संस्कृत हमारी भारतीय संस्कृति की धरोहर है और संस्कृत ही नहीं बल्कि सुभाषितों के बिना भी हमारा ज्ञान और जीवन अधूरा है। हमें सदैव संस्कृत के साथ-साथ सुभाषितों का स्मरण करते रहना चाहिए। अन्य लोगों को भी संस्कृत एवं सुभाषित पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिये। सुभाषित से सुंदर वातावरण का निर्माण होता है तथा संस्कृत भाषा से नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रत्येक दिन एक एक सुभाषित वाक्य का उच्चारण अवश्य करना चाहिए। लोगों को संस्कृत के विषय में भी जागरूक करना चाहिये। संस्कृत भाषा के बिना भारत की कल्पना करना भी संभव नहीं है।

अतिथियों का परिचय दीपमाला ने कराया। कक्षागत पंचांग अवंतिका पांडेय ने और सुभाषित वाचन स्वानंद धाय गुडे, रूबी, गोल्डी तथा शिखा जैन ने किया। शान्ति मंत्र तथा तकनीकी सहयोग प्रशिक्षक ओमदत्त ने तथा संचालन प्रशिक्षक दिवाकर ने किया। प्रशिक्षक विष्णु पाठक ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी जगदानंद झा, दिनेश मिश्र, योजना प्रमुख भगवान सिंह, प्रशिक्षण प्रमुख सुधिष्ठ मिश्र, समन्वयक धीरज मैठाणी, सुधीर कुमार पांडे, दिव्यरंजन, राधा शर्मा, दीपमाला आदि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। बिजुआ चौकी क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी ओमप्रकाश (29) पुत्र रमेश, कोतवाली क्षेत्र के खुटार रोड निवासी मुदित (22) पुत्र बृजेश चंद्र, कस्ता चौकी क्षेत्र के गांव पकरिया जलालपुर निवासी रवि (20) पुत्र मदनलाल और हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव घरथनिया निवासी अवधेश कुमार (45) पुत्र रामेश्वर दयाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर सभी को छुट्टी दे दी गई।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
# डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)

यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें

निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


## किसानों ने सीखे गन्ना उत्पादकता बढ़ाने के तरीके

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- गन्ना उत्पादन बढ़ाने की जानकारी के लिए चीनी मिल ने भेजा किसानों का दल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत गोला बजाज चीनी मिल के किसानों के दल ने अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण कर गन्ना उत्पादकता बढ़ाने के तरीके सीखे।

चीनी मिल के यूनिट हेड नीरज बंसल, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पीएस चतुर्वेदी और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने हरी झंडी दिखाकर किसानों को अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण. के लिए रवाना किया। गन्ना प्रबन्धक सत्येन्द्र कुमार ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी। किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान रामसरन सिंह के फार्म पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में अजबापुर मिल के महाप्रबन्धक एचके त्रिपाठी सहित मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी के सफल प्रबंधन पर किसानों को जानकारी दी। सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ओडी शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम लगातार किए जाएंगे। गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम, प्रबंधक गन्ना संजीव चौधरी, अपर प्रबंधक गन्ना धीरज मिश्र सहित ब्लॉक इंचार्ज, प्रगतिशील किसान भेखराम वर्मा, अवधेश कुमार यादव आदि रहे।

## छात्रों ने किया विकास भवन का भ्रमण कार्यालयों की कार्यप्रणाली जानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज की 'मिशन इन्ट्रैक्ट नॉलेज इज पॉवर मुहिम के तहत शनिवार को छात्रों ने विकास भवन का भ्रमण किया।

छात्रों ने विभिन्न कार्यालयों में जाकर वहां की कार्यप्रणाली देखी। शिक्षक विनोद श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्रों का दल शनिवार सुबह विकास भवन पहुंचा। छात्रों ने कृषि, पशुपालन, राजस्व, पंचायत एवं समाज कल्याण आदि कार्यलयों में जाकर वहां की कार्यप्रणाली से लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने छात्रों को योजनाओं का निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी के बारे में बताया। प्रभारी सहायक निदेशक विनीत कुमार एवं कनिष्ठ लिपिक हिमांशू शर्मा ने छात्रों को प्रशासनिक कार्य के साथ सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता के बारे में बताया। शिक्षक रोशन लाल गौड़ ने बताया कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों में प्रशासनिक जागरुकता बढ़ती है और वह शासन की संरचना को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। छात्र दल में अविरल रस्तोगी, अफजल, पीयूश रस्तोगी, राधे धवन, वंश पुरी, सार्थक श्रीवास्तव, अंशुमान दीक्षित, रूद्र वर्मा, आदित्य वर्मा, आयुष चौरसिया, प्रशान्त वर्मा, अक्षत गुप्ता आदि मौजूद रहे।



विकास भवन के कार्यालय में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

- अधिकारियों ने कल्याणकारी योजनाओं की भी दी जानकारी






BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

## झोलाछाप के इंजेक्शन से महिला की मौत

संवाददाता, केशवापुर

- रिपोर्ट दर्ज करने पर अड़े परिजन नहीं किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार:** अजान कस्बे में संचालित एक झोलाछाप के अस्पताल में पेट में दर्द होने पर उपचार कराने शनिवार को गई एक 55 वर्षीय महिला की इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को जब शव गांव लाया गया तो परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। वह आरोपी झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस के समझाने पर भी लोग नहीं माने, जिससे शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव शहाबुद्दीनपुर निवासी मायावती (55) पत्नी स्व. रामगुलाम सुबह घास काटने के लिए खेतों में गई थीं। इस दौरान मायावती को पेट खराब होने से पेट में दर्द होने लगा, जिस पर महिला अपने पुत्र प्रेमचंद के साथ अजान कस्बे में संचालित कुमार क्लीनिक पर आई थीं। प्रेमचंद ने बताया कि वहां के झोलाछाप ने मां को एक इंजेक्शन लगाया, जिस पर मां ने मना किया कि इंजेक्शन लगाओगे तो मेरे शरीर में चकत्ते पड़ जाएंगे। इस पर झोलाछाप बोला डॉक्टर मैं हूं कि आप कुछ नहीं होगा। उसने मां को दो इंजेक्शन और कुछ दवाइयां खिलाईं और डीप लगा दिया। जिस पर मां की हालत बिगड़ गई, उनकी नाक, मुंह से पानी निकल आया। महिला की हालत बिगड़ने पर झोलाछाप ने उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

घर वाले महिला को ई-रिक्शा से लेकर गोला सीएचसी गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। महिला की मौत के बाद झोलाछाप क्लीनिक में ताला डालकर भाग गया।

पोस्टमार्टम के बाद रविवार को महिला का शव गांव पहुंचा, लेकिन परिजनों, रिश्तेदारों ने पहले रिपोर्ट दर्ज करने फिर अंतिम संस्कार करने पर अड़ गए। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही अंतिम संस्कार करने पर अड़े हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि वह जब शनिवार को तहरीर देने थाने गए तो पुलिस ने उन लोगों को ही फटकार कर भगा दिया।

अब जबरन अंतिम संस्कार कराना चाहते हैं। हालांकि पुलिस ने तहरीर तो ले ली है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उधर, थानाध्यक्ष प्रबीर गौतम का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत हार्ट अटैक से होने की जानकारी मिल रही है। गलत इंजेक्शन के कारण मौत होने की पुष्टि नहीं है। जांच के बाद ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## 21 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने पशुओं का वध करने वाले गैंग के सरगना समेत गैंग के 21 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इससे गोकशों में हड़कंप मचा है। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने अमीरनगर निवासी रियाज गोकशी गैंग का लीडर है।

अमीरनगर के ही जाहिद, बलीउल्ला उर्फ बल्ला, अनिश खां, नफीश अहमद, रहीमतुल्ला, फुरकान, अदहम, सतीश कुमार, आशिफ, रियाज, रिजवान, रोहिद, अतीक मियां, अकरम, महताब, वाहिद, दानिश, फरान, साहिद, हफीज, गुफरान हैं। गैंगलीडर गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर गोकशी करते हैं। इस गैंग का क्षेत्र में आतंक है। मोहम्मदी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## मजदूर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में भंसड़िया स्थित फैक्ट्री में कानपुर नगर के हाथी गांव निवासी दीपक (30) करीब 10 साल से मजदूरी करता था। वह मिल की लेवर कॉलोनी में कमरे में रहता था। बताते हैं कि शनिवार की देर रात दीपक ने लेवर कॉलोनी स्थित अपने कमरे के अंदर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के मामा राम नारायण ने बताया कि शनिवार रात घटना हुई। रविवार की सुबह इसकी उनको जानकारी हुई। उधर मजदूर की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

## पुलिया निर्माण में सामग्री की जांच की मांग

संवाददाता, मझगई

**अमृत विचार:** ब्लॉक निघासन की ग्राम पंचायत दौलतापुर के गांव कोरियाना में पुलिया का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण में मानक अनुरूप सामग्री का उपयोग न होने का आरोप लगाया है। विधायक को ज्ञापन देकर निर्माण सामग्री की जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीण मनोज कुमार मौर्य, रक्षपाल मौर्य, नितिन कुमार, अमित मौर्य, महेश कुमार, शिशपाल आदि ने विधायक शशांक वर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि निर्माण में जिस तरह की सामग्री प्रयोग की जा रही है। उससे बाढ़ के समय पुलिया ध्वस्त होने की आशंका है, क्योंकि निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप नहीं लगाई जा रही है। वहीं पुलिया किनारे खोदे गए गड्ढों को भी नहीं पाटा गया है, जो बरसात में लोगों के लिए जान का खतरा बनेगा। ग्राम प्रधान दीपक जायसवाल ने बताया कि पुलिया निर्माण कर कार्य मनरेगा से हो रहा है। कोरियाना व छेदुई गांव के बीच काफी खलार होने के कारण रास्ते की ऊंचाई के लिए कुछ कार्य जेसीबी से कराया गया है। बाकी पुलिया निर्माण कार्य में मानक के अनुसार ही कार्य हो रहा है। जिसको आपत्ति है वह जांच करवा सकता है।



गांव कोरियाना में निर्माणाधीन पुलिया। ● अमृत विचार

## एक नजर

### दहेज हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना मझगईं पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे गांव लोधपुरवा निवासी कबीर अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि गांव लोधपुरवा निवासी कबीर अहमद दहेज हत्या में फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी को पृथ्वीपुरवा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### 200 वर्ष पुराना पीपल का पेड़ धराशायी

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नगर देवता के रूप में विख्यात पांडेय बाबा मंदिर का करीब 200 वर्ष पुराना पीपल का विशालकाय पेड़ शनिवार रात धराशायी हो गया। इससे तार आदि टूटने से मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। गनीमत रही कि रात होने के कारण कोई अनहोनी नहीं हुई और निकट के सभी मंदिर व उनके पुजारी आदि सुरक्षित रहे। मुख्य पुजारी गणेश शंकर पांडेय एवं संजय शर्मा आदि ने बताया कि बुजुर्ग पीपल पेड़ को करीब 200 वर्ष पुराना बताते रहे हैं।

# गांव बालपुर में बाघ ने पड्डे का किया शिकार

## पकड़ने को लगाया पिंजड़ा, गांव में दहशत, वन कर्मियों की टीम कर रही निगरानी

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः** संपूर्णानगर क्षेत्र में के गांव बालपुर में बाघ ने एक पड्डे का शिकार किया है। इससे गांव से लेकर क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने कैमरे से बाघ की लोकेशन ट्रेस कर उसे पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया है।

थाना संपूर्णानगर क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क और बफर जोन से घिरा हुआ है। इससे इस क्षेत्र में बाघ, तेंदुआ समेत अन्य हिंसक वन्य जीव जंगल से निकल कर शिकार की तलाश में आ जाते हैं और खेतों को अपना आशियाना बना लेते हैं। इन दिनों गन्ने की फसल भी काफी बड़ी हो चुकी है, जो उनके लिए शरणगाह बनी हुई है। पिछले कई दिनों से एक बाघ इलाके में घूमता देखा जा रहा है। शनिवार की रात बाघ बालपुर पहुंच गया। गांव बालपुर निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उनका पड्डा रोज की तरह रात में घर के बाहर बंधा था। सुबह उठने पर पड्डा गायब था। तलाश करने पर घर से करीब 800 मीटर की दूरी पर बाघ उसे खाता हुआ दिखाई। यह देख उनके होश उड़ गए। उनके शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर आ गए।

कुछ देर बाद बाघ गन्ने के खेत से निकलकर सुतिया नाले की तरफ चला गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में बाघ की दहशत व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को। टीम ने मौके पर आकर ड्रोन से जब आस पास तलाश की तो बाघ पड्डे के अधखाये शव के पास फिर दिखाई पड़ा। वन कर्मियों ने बाघ पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया है। साथ ही निगरानी के लिए वन कर्मियों को तैनात किया गया है। वन विभाग की टीम उसकी लगातार निगरानी कर रही है।



बालपुर में पिंजडा लगाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

गन्ने के खेत में बाघ देखा गया है। पिंजड़ा लगाकर वन दरोगा पुष्पक सिंह, अरुण कुमार, रामकुमार (शेरा), सोमनाथ, राहुल आदि को मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। **-अनिल कुमार**, वन क्षेत्राधिकारी संपूर्णानगर बफर जोन।

### खेतों की तरफ जाने से कतरा रहे किसान

बाघ के देखे जाने के बाद किसानों और ग्रामीणों में दहशत इस कदर बैठ गई है कि वह अब खेतों की तरफ जाने का भी साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। इससे खेती-किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा है। बाघ की दहशत का आलम यह है कि गांव बालपुर और उसके आसपास के लोग दिन छिपते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। इससे गांव में सूरज के ढलते ही सन्नाटा पसर जा रहा है।

## बिना नंबर की बाइक खड़ी कर उठा ले गया दूसरी बाइक

**मैगलगंज, अमृत विचारः** नगर के मुख्य चौराहे पर काशीनाथ रस्तोगी की दुकान के सामने हिम्मत नगर निवासी अमरेंद्र प्रताप ने अपनी बाइक खड़ी कर दी और काम से दुकान के अंदर चले गए। कुछ मिनट बाद जब वह वापस आए तो देखा उनकी बाइक गायब थी, जिस जगह बाइक खड़ी की गई थी।

उस जगह पर उसी रंग की दूसरी बाइक खड़ी थी, जिसमें नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। यह देख बाइक स्वामी के होश उड़ गए। उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध खड़ी बाइक को कब्जे में लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लगे कैमरों को खंगाल रही है।

प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है।

# छोटा हाथी की टक्कर से पोल ट्रांसफार्मर सहित धराशायी

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** नेशनल हाईवे 730 पर छोटा हाथी (लोडर) के ड्राइवर को नींद आने के कारण लोडर बिजली के ज्वाइंट पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पोल ट्रांसफार्मर सहित धराशायी हो गया।

घटना रविवार सुबह 9.30 पर संसारपुर पुलिस चौकी से पहले हुई। छोटा हाथी चालक लखीमपुर से बरेली जा रहा था। संसारपुर कस्बे से पहले चालक को नींद आ जाने के कारण लोडर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे अली अहमद (नन्हें) अंसारी के केला प्लांट में लगे बिजली के पोल से ज़ोरदार तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडर के परखच्चे उड़ गए। साथ ही बिजली पोल ट्रांसफार्मर सहित क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर आ गिरा। प्लांट स्वामी ने बताया कि बिजली पोल पर लगे उसके सीसीटीवी कैमरे टूट गये और बिजली की हाईटेंशन लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में लोडर चालक लालता प्रसाद मौर्य पुत्र नत्थूलाल मोहल्ला हजियापुर थाना बारादरी जनपद बरेली घायल हो गया। चौकी पुलिस ने ड्राइवर को एम्बुलेंस से सीएचसी बांकेगंज भेज दिया। केला प्लांट स्वामी अली अहमद ने बताया कि हादसा होते ही उसने बिजली विभाग को सूचना दी और उपकेन्द्र बांकेगंज से संसारपुर फीडर की सप्लाई बंद कर दी गई। साथ ही उन्होंने संसारपुर चौकी पुलिस को सूचना दी। बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे और लाइन दुरुस्त करने को जुट गए।



संसारपुर में क्षतिग्रस्त छोटा हाथी।

# बनवीरपुर को हराकर स्पोर्ट क्लब निघासन बना विजेता



नौरंगाबाद के मैदान पर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते थानाध्यक्ष अजीत कुमार।

संवाददाता, सिंगाही

- **नौरंगाबाद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता**

**अमृत विचारः** कस्बा क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमृत स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। रविवार को खेले गए उद्घाटन मैच में स्पोर्ट्स क्लब निघासन ने 66 रन से जीत दर्ज की।

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने गेंद पर बल्ला घुमाकर किया। इसके बाद रविवार को बनवीरपुर क्लब एवं स्पोर्ट क्लब निघासन के बीच क्रिकेट खेला गया। इसमें निघासन स्पोर्ट क्लब ने प्रतिद्वंद्वी टीम बनवीरपुर को 66 रनों से हराकर मैच जीता। बनवीरपुर क्लब 86 रन ही बना सका। जबकि स्पोर्ट क्लब निघासन ने 12 ओवर के मैच में 152 रन बनाए। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। एक स्वस्थ मस्तिष्क से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

इस मौके पर नौरंगाबाद बी-पैक्स साधन सहकारी समिति अध्यक्ष राकेश तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि दुवेंद्र कुमार अवस्थी, ओमप्रकाश पाल, डॉ. पौरुष गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, नरेश कुमार यादव, अभय राज शुक्ला, यज्ञराज मौर्य, चंद्रकांत, अटल, प्रेम कुमार सगरवंशी और शाहिद समेत अनेक खेल प्रेमी उपस्थित आदि रहे।

## रोडवेज बस की चपेट में आई कार सवार बचे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शहर के गुरुगोविंद सिंह चौराहा के पास उत्तराखंड की रोडवेज बस की चपेट में एक कार आ गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस ने बस चालक और परिचालक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। कार लखीमपुर में तैनात एक जज की बताई जा रही है।

रविवार की शाम रोडवेज बस शहर के बस अड्डे से घूमकर देहरादून जा रही थी। शहर के गुरु गोविंद सिंह चौराहे के पास बस रोड पर खड़ी एक कार से टकरा गई। गनीमत रही कि कार सवार बच गए। कार लखीमपुर में तैनात एक जज की बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

बस में सवार यात्रियों को उतारकर पुलिस ने उनका किराया वापस कराया। बस चालक और परिचालक को हिरासत में लेकर कोतवाली आई, जहां से दोनों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि बस चालक नशे में था। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि कार किसकी है। यह अभी साफ नहीं हो सका है। जांच की जा रही है तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। उधर, रोडवेज चौकी इंचार्ज तेज सिंह बताया कि कार एक जज की है।

# नीमगांव, पढ़ुआ और हैदराबाद में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र में 72 घंटे बाद एक बार फिर चोरों ने गांव जम्हौरा में धावा बोल दिया। एक होमगार्ड सहित दो घरों में घुसे चोर करीब 50 हजार रुपये नगद और 28 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, बर्तन आदि सामान बटोर ले गए। थाना पढ़ुआ के एक घरों को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों का सामान चोरी कर ले गए। थाना हैदराबाद के गांव घरथनिया में एक शराब की दुकान से चोर 35 हजार रुपये और करीब दो लाख की शराब चोरी कर ले गए।

### तीन भाइयों समेत दो घरों से नकदी व 28 लाख के जेवर चोरी

**वारदात 1**

**नीमगांव, अमृत विचार :** गांव जम्हौरा निवासी होमगार्ड कमलेश पांडेय तीन भाई हैं। तीनों संयुक्त रूप से एक ही मकान में रहते हैं। होमगार्ड कमलेश ने बताया कि शनिवार की रात चोर छत के सहारे घर में घुस गए। चोर अलमारियों और बक्सों में रखे करीब 50 हजार की नकदी और तीनों भाइयों के करीब 25 लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। सुबह जब वह सोकर उठे तो कमरे खुले देख उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। देखा तो ताले टूटे और कटे पड़े थे। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियां और बक्से खंगाले पड़े थे। यह देख परिवार में हड़कंप मच गया। महिलाओं में चीख पुकार मच गई। चोरों ने इसी गांव के दूसरे छोर पर रहने वाले सुशील शुक्ला के घर को भी निशाना बनाया। चोर घर में रखे 5000 रुपये और करीब तीन लाख रुपये के जेवर चोरी कर भाग निकले। एक ही रात दो घरों में चोरी होने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। पीड़ितों ने तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।



### व्यापारी के घर से 1.20 लाख की चोरी

**वारदात 2**

**निघासन, अमृत विचार :** थाना पढ़ुआ के गांव लखाही निवासी राजू मौर्य की ढखेरवा में कृषि यंत्र व लोहा भंडार की दुकान है। उनका मकान लखाही में हाईवे किनारे जंगली नाथ मंदिर के पास बना हुआ है। शनिवार रात दुकान बंद करने के बाद बिक्री का एक लाख बीस हजार रुपया घर ले जाकर रख दिया। रात किसी समय अज्ञात चोर टटिया चीर कर घर में घुस गए। राजू के मुताबिक चोरों ने बक्से में रखी 1.20 लाख की नकदी, गले का हार, मंगलसूत्र, कमर बिछुआ, झाला, पायल आदि जेवर चोरी कर भाग निकले। घटना के समय गर्मी की वजह से घर के लोग आंगन में सोए हुए थे। सुबह होने पर घर वालों को सारा सामान बिखरा हुआ मिला। तब चोरी होने की बात पता चली। सूचना के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### शराब की दो दुकानों में चोरी

**वारदात 3**

01 एलकेएचपी61-रोशननगर में चोरों द्वारा की गई तोड़फोड़।

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र में शनिवार की रात चोरों ने घरथनिया स्थित देशी शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों के जाग जाने से चोर असफल रहे, जिनकी फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। गांव रोशननगर ममरी मार्ग पर शराब की दुकान से चोर 55 पेटी में रखे शराब के 24 हजार 470 पौवा, और गुल्लक में रखे नगद 35075 रुपये के साथ ही चोर सीसीटीवी की डीवीआर भी निकाल ले गए। ठेका के मालिक रामपुर डाटपुर के पूर्व प्रधान हंसराम ने बताया कि घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

## बाइकों की भिड़ंत में किशोरी समेत चार घायल

**संसारपुर, अमृत विचारः** थाना मैलानी क्षेत्र के कस्बा संसारपुर के अंतर्गत वर्मा फिलिंग स्टेशन भदौरिया ढावे के पास शाम आमने सामने से दो बाइकों में जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार किशोरी सहित चार लोग घायल हो गए। चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी भेज दिया।

नेशनल हाईवे 730 पर स्थित वर्मा फिलिंग स्टेशन भदौरिया ढाबे के पास पुलिस चौकी कुकुरा क्षेत्र के बुद्धापुर गांव निवासी मोहित कुमार अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक से गोला की तरफ जा रहे थे, जिस पर अभिषेक और अल्का सहित तीन लोग सवार थे। उसकी बाइक जैसे ही वर्मा फिलिंग स्टेशन के पास पहुंची तभी सामने से बाइक से आ रहे बालकराम पुत्र बुद्धालाल निवासी अर्जुनपुर थाना मैलानी की बाइक से जोरदार टक्टर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार हाईवे पर काफी दूर तक घसीटते चले गए। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी संसारपुर के आरक्षी पंकज तिवारी, चकित यादव तथा योगेंद्र सैनी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज भिजवा दिया।

# फकीर बाबा स्थान पर जयघोष और मंगल कामना के साथ रुद्र महायज्ञ संपन्न

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** जमुनाबाद कृषि फार्म के ब्लाक दो में फकीर बाबा स्थान पर नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन रविवार को जयघोष और मंगलकामना के साथ किया गया। पुरोहित, यजमानों ने रुद्र महायज्ञ में आहुति दी एवं यज्ञशाला की परिक्रमा की यज्ञाचार्य लक्ष्मीकांत मिश्र, एकनाथ शुक्ला के निर्देशन में पूर्ण जयघोष के साथ पूर्णाहुति हुई।

नैमिषधाम के आचार्य गुरु अतुल तिवारी महाराज ने भागवत कथा का समापन करते हुए शिव के रुद्र अवतार के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो शिव का स्मरण करते हैं उनके कल्याण को भोलेनाथ तुरंत चले आते हैं। आराधना करने वालों को शक्ति एवं मुक्ति दोनों ही प्रदान करते हैं। संचालन पं. रविकांत मिश्रा ने किया। जमुनाबाद ब्लॉक नम्बर दो के इंचार्ज अजय वर्मा ने भंडारे के लिए अन्न दान किया। उन्होंने कन्याओं के लिए 251 कटोरी व चम्मच दिये।



फकीरबाबा स्थान पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

### राम नाम के अंगौछा से किया सम्मान

रुद्र महायज्ञ के समापन पर पदाधिकारी और सहयोगियों ने बाबा मंगू दास, सुरेश वर्मा, बलबीर राज, सोनू राज, कर्मठ सेवादार झुम्मक और मुख्य यजमान योगेश वर्मा, दिनेश वर्मा, शिवराज सिंह, विपिन सिंह, लाल बहादुर वर्मा आदि को राम नाम के गमछा और रुद्राक्ष की माला भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मारपीट और फायरिंग मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **घटना में प्रयुक्त तमंचा पुलिस ने किया बरामद**

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली पुलिस ने निघासन रोड पर मारपीट व फायरिंग के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों से घटना में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी अनुज मिश्रा सारंग ट्रांसपोर्ट की बस पर कंडक्टर का काम करता है। सवारी बस में बैठाने को लेकर उसका दूसरे बस ट्रांसपोर्ट के परिचालक मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी हामिद से विवाद हो गया था। शनिवार शाम अनुज अपने गांव के बाहर महेवागंज रोड पर दुकान में बैठा था। तभी वहां हामिद अपने साथियों के साथ पहुंच गया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में अनुज का सिर फिट गया और वह लहूलुहान हो गया था। शोर सुनकर अनुज पक्ष के लोगों के आने पर हमलावरों ने दो राउंड फायर किए थे और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना पास में एक दुकान के सीसीटीवी में कैद हुई थी, जो वायरल हो गई।

उधर, पुलिस ने घायल अनुज मिश्रा की तहरीर पर अनमोल, हमीद अंसारी, गुलाम अंसारी और 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस पुलिस ने घटना में शामिल हामिद, अनमोल गुप्ता निवासी निर्मल नगर और विशाल शर्मा निवासी बाबूराम सर्राफ नगर को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि दो आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त किया गया तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। तीनों आरोपियों का पुलिस ने चालान भेजा है।

# ईदगाह क्लब, बिलाल हैंडलूम व भुड़वारा क्लब रहे विजेता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए तीन मैच में ईदगाह क्लब, बिलाल हैंडलूम और भुड़वारा क्लब की टीमों ने अपनी प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत दर्ज की।

पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हो रहे 18वें गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन शनिवार को राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी के डायरेक्टर मोहित पुरी, प्रमोद साहनी, अनुभव गुप्ता, अवनीश मिश्रा, सुभाष राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत कराई। टूर्नामेंट का पहला मैच स्टार इलेवन हफीजपुर और बिलाल हैंडलूम के बीच खेला गया। बिलाल हैंडलूम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सहजवान 36 और अमन के 25 रनों की मदद से निर्धारित ओवरों में 108 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए स्टार इलेवन के बल्लेबाज कुछ खास न कर सके और टीम मात्र 83 रन बना सकी।

अमन को 25 रन बनाने और दो विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का दूसरा मैच इलेवन वारियर और ईदगाह क्लब के बीच खेला गया, जिसमें इलेवन वारियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहताब 30, आलोक के 23 रनों की बदौलत टीम ने 96 रन का लक्ष्य रखा। ईदगाह क्लब के खिलाड़ियों ने लक्ष्य का पीछा करते ओपन बल्लेबाज जैद 48 और आदी के 43 रनों की मदद से 9 विकेट से जीत हासिल की। जैद को 48 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच भुड़वारा क्लब और पीयूष मेडिकल के बीच खेला गया। जिसमें पीयूष मेडिकल की टीम को हराकर भुड़वारा क्लब ने जीत हासिल की। नोमान को अच्छी गेंदबाजी के प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट के खेले गए मैचों में अम्पायरिंग संतोष मौर्य, अनवर अली, सौरभ शुक्ल व शिवम अवस्थी ने की। राजेंद्र निषाद ने लाइव कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, जोगेश साहनी, मंत्री केके शुक्ला, रामगुलाम पांडे, रावेन्द्र गिरि, काके सहगल, शुभम दीक्षित सहित स्टेडियम में क्रिकेट का रोमांच देखने को तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।



गोला में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि अनुभव गुप्ता। ● अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
प्राचार्य /असि. प्रो. एलएल.एम./एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम: ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि वे नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद एक करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे ' मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति


योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

> एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत'में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली,"बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक


डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कई स्थानों पर डग्गामार वाहन भरते हैं सवारियां

## वाहनों के संचालन पर नहीं लगी रोक, अवैध वाहनों के संचालन से परिवहन विभाग की आय हो रही प्रभावित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला गोकर्णनाथ में विभिन्न मार्गों पर संचालित हो रहे अवैध डग्गामार वाहनों की स्थिति जस की तस है। इन वाहनों पर रोक न लगने से रोडवेज की आय प्रभावित हो रही है। डग्गामार वाहन चालक अशोक चौराहा, नानक पुलिस चोकी और छोटे चौराहा से वाहनों का खुलेआम संचालन कर रहे हैं। चालक यात्रियों की जान जोखिम में डालने का काम करते दिखाई पड़ रहे हैं।

डग्गामार वाहनों के संचालन से यात्रियों की न सिर्फ जान जोखिम में रहती है, बल्कि आए दिन अवैध वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते है, जिससे तमाम लोग असमय काल के गाल में भी समा जाते हैं। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि परिवहन निगम के बस स्टेशन के सामने से छोटे, बड़े डग्गामार वाहनों का खुलेआम संचालन हो रहा है। इससे निगम की आय प्रभावित होती है, जिसके कारण 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर आने पर संविदा चालकों परिचालकों के वेतन में कटौती की जाती है और कम आमदनी के कारण नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता देय तिथि तक नहीं मिल पाता है।

### सिनेमा चौराहे पर मैजिक खड़ी होने से लगता है जाम



नगर में पहले से ही सड़कों पर अतिक्रमण होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने के लिए जगह नहीं बची है। सिनेमा चौराहे पर डग्गामार वाहनों के खड़े करने में चालकों की होड़ सी लग जाती है। पहले गंतव्य तक पहुंचाने का झांसा देकर मैजिक चालक जबरन सवारियां बैठा लेते हैं। कम खर्च में अधिक आय के लालच में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

समय समय पर अधिकारियों के निर्देश पर डग्गामार वाहनों को रोडवेज बस स्टैंड तक न जाने के लिये रोका जाता है। इन डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई के लिए विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

**–महेशचंद्र कमल**, एआरएम गोला।

### रोडवेज बसों के आगे लगा देते हैं डग्गामार वाहन



लखीमपुर रोड, मोहम्मदी रोड, खुटार रोड पर डग्गामार वाहनों के चालक खुलेआम सवारी बैठाते हैं। रोडवेज बसों के आगे जल्दबाजी में सवारियां भरकर चलते हैं, ताकि आगे रास्ते में मिलने वाली सवारियां उनके वाहनों पर बैठें। इसी हड़बड़ी में यह वाहन कभी–कभी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ई–रिक्शा चालक भी अशोक चौराहे, नानक पुलिस चौकी के सामने झुंड लगाकर खड़े रहकर ममरी, कंजा, महेशपुर, भल्लिया, केशवापुर, रजागंज आदि की सवारियां बैठाते हैं।

### मैजिक में ठूंस कर भरते हैं सवारियां

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर से मोहम्मदी और शाहजहांपुर के लिए रेल सेवा न होने से यात्री रोडवेज की बसों और डग्गामार वाहनों पर निर्भर हैं। रोडवेज की बसों में किराया अधिक होने और मैजिक चालकों द्वारा कम किराया लेने, रास्ते की सवारियां बैठाने के कारण मजबूरी में लोग डग्गामार वाहनों से यात्रा करते हैं। ऐसे में चालक उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर ठूंस कर सवारियां भर लेने से यात्रियों को जान का खतरा रहता है।

## त्यौहार में अशांति फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

**मझगई, अमृत विचारः** थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें कस्बे के तमाम लोगों के साथ धर्मगुरु भी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने कहा कि त्योहार भाईचारे के प्रतीक होते हैं। सभी लोग मिलकर त्योहारों को मनाएं। यदि किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थल और खुले में पशुओं की कुर्बानी पर पूरी तरह रोक है। इसलिए कुर्बानी खुले में न कर निर्धारित स्थानों पर ही करें। अवशेषों को खुले में न डालें। उन्हें जमीन में दफन करें। थाना क्षेत्र में कोई भी खुराफाती तत्व अफवाह फैलाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सोनू मौर्य, फैजान अली, सलामुद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### पुलिस पर मनमानी रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप

**पलिया कलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला में शुक्रवार देर शाम कुछ लोगों ने महेंद्र की लाठी–डंडों से जमकर पिटाई कर दी थी। आरोप है कि फावड़े से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजनों ने गांव के ही राजेश, राहुल सहित उनके घर की दो महिलाओं को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप है कि हल्का दरोगा ने आरोपियों से साठगांठ कर ली। मनमाने तरीके से हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है, जबकि घायल की स्थिति गंभीर है। उसे सीएचसी के डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस पर आरोप लगाते हुए घायल के परिवार की महिलाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### छिनैती मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना प्रभारी प्रवीर गौतम ने बताया कि पुलिस ने रोशननगर ममरी मार्ग बड़ी नहर पुलिया से सत्यम श्रीवास्तव और मंयक श्रीवास्तव निवासी महेशपुर को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 31 मई को छीना गया एक मोबाइल व 200 रुपये नकद बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### दहेज हत्या के मामले में आरोपी का किया चालान

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना मझगईं पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे गांव लोधपुरवा निवासी कबीर अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि गांव लोधपुरवा निवासी कबीर अहमद दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी को पृथ्वीपुरवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### महिला को बहला कर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**सिंगाही, अमृत विचार :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। बतादें कि एक गांव निवासी विनीत कुमार अपने गांव की ही एक नव विवाहिता को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने पांच दिन पहले विवाहिता को बरामद कर लिया था। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### छिनैती मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना प्रभारी प्रवीर गौतम ने बताया कि पुलिस ने रोशननगर ममरी मार्ग बड़ी नहर पुलिया से सत्यम श्रीवास्तव और मंयक श्रीवास्तव निवासी महेशपुर को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 31 मई को छीना गया एक मोबाइल व 200 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### महिला को धारदार हथियार से किया घायल

**रोजा, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन गाड़ीपुरा निवासी सुनील कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी परचून की दुकान है। 31 मई की शाम मोहल्ले का अशफाक उसकी दुकान पर सामान लेने के लिए आया। उसकी पत्नी सुनीता दुकान पर बैठी हुई थी। किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपी अशफाक ने उसकी पत्नी को धारदार हथियार से घायल कर दिया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा में दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर में दो युवक घायल हो गए। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गयी और जाम लग गया। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव रमपुरिया नवदिया निवासी अनूप मिश्रा रविवार की शाम पांच बजे कहीं जा रहे थे। कटरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गयी। जिससे बाइक सवार अनूप व दूसरी बाइक का रंजीत सिंह निवासी बकैनिया थाना कटरा घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। इस दौरान भीड़ लग जाने पर जाम लग गया। पुलिस ने भीड़ को हटाया तो जाम खुला।

### दुकान में आग लगने से नुकसान

**निगोही।** कस्बे में भूरे यादव की छोले भटूरे की दुकान में रखे सिलेंडर से आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लगभग दस हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण सिलेंडर में लीकेज बताया जा रहा है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच सुनेहरा भूड़ की टीम ने जीता



कुकरा में शील्ड के साथ विजयी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** कस्बा में सलमान सिद्दीकी की रहनुमाई में पुलिस चौकी के प्रांगण में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में सुनेहरा भूड़ की टीम ने मैच जीत लिया।

कस्बे की पुलिस चौकी परिसर में क्रिकेट टूर्नामेंट के एक दिवसीय मैच में सुनेहरा भूड़ के कैप्टन गौरव कुमार और कुकरा टीम के कैप्टन साजी के मध्य कड़ा मुकाबला हुआ। कुकरा की टीम को सुनेहरा भूड़ की टीम ने सुपर ओवर में 8 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन कुकरा की टीम ने एक विकेट खोकर मात्र 3 रन ही बना सकी। सुनेहरा भूड़ की टीम ने बेहता प्रदर्शन कर 5 रन से मुकाबला जीत लिया। मुख्य अतिथि सलमान सिद्दीकी ने विजयी टीम को पुरस्कृत किया। अंपायरिंग आकाश कुमार गौतम, शोएब ने और कमेंट्री आदिल सिद्दीकी ने की।

## बोलेरो की टक्कर से गाय मरी

**पुवायां, अमृत विचारः** रविवार शाम लगभग सात बजे पुवायां की ओर से एक तेज रफ्तार बोलेरो मोहम्मदी रोड पर जा रही थी। इसी दौरान सूरबाबा स्थान के पास अचानक बोलेरो के सामने एक छुट्टा गाय आ गई। जिससे बोलेरो की गाय से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर के बाद गए बोलेरो के नीचे फंस गई और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी पाकर तत्काल विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता सहित तमाम लोग मौके पर पहुंचे और बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। कुछ देर बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की बात को समझते हुए थाने पर पहुंचकर शिकायत दर्ज करने की बात कह कर मामले को शांत कराया। हालांकि इस बीच बोलेरो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है की बोलेरो में मौजूद परिवार सिंघापुर से मोहम्मदी किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही थी।

## मकान के पिलर बनवा रहे युवक की हत्या करने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना शारदानगर क्षेत्र में मकान बनाने के लिए पिलर के गड्ढे खुदवा रहे युवक पर गांव के व्यक्ति ने अपनी पुत्री और दो पुत्रों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। लोहे की रॉड मारकर उसका सिर फोड़ दिया। बचाने आई पत्नी को भी मारापीटा। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

गांव खैरापुरवा मजरा मूड़ा निवासी उपेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने घर पर कालम बनवाने के लिए दो मजदूरों से गड्ढे खुदवा रहे थे। इसी बीच गांव का मुनुवा अपने पुत्र आकाश, विकास और पत्नी के साथ आ गया। लाठी-डंडों से उसकी पिटाई करने लगे। आरोप है कि मुनुवा ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया और वह बेसुध होकर गिर गया। पत्नी ने जब बचाने की कोशिश की तो पत्नी के पैर व नाक पर गंभीर चोटें पहुंचाई हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास असलह से भी थे। चीख पुकार होने पर आसपास के तमाम ग्रामीण मौके पर आ गए। इस पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। परिवार के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपती को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश मौर्य ने बताया कि पुलिस ने घायल उपेंद्र की तहरीर पर आरोपी दंपती और उसके दोनों पुत्रों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

● **बचाने आई पत्नी को भी पीटकर किया घायल**

### किशोर की पिटाई कर लोहे की रॉड से सिर फोड़ा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मोहल्ला महाराज नगर निवासी रफीक अहमद का पुत्र शहान (17) शनिवार शाम करीब आठ बजे खपरैल बाजार से घर आ रहा था। मोहल्ला नई बस्ती में पोस्ट आफिस के सामने संजिल व अनस ने अपने 10 अज्ञात साथियों के साथ उसके बेटे को रोक लिया और गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई करने लगे। अनस ने लोहे की रॉड शहान के सिर पर मार दी। इससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर गया। मोहल्ले के तमाम लोगों के एकत्र होने और विरोध करने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने घायल शहान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## चालक ने पीटीओ को सरिया दिखाकर धमकाया, की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




अधिकारियों की इंटरसेप्टर गाड़ी।

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक स्कूल के सामने एआरटीओ विभाग के यात्री कर अधिकारी वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने जलालाबाद की ओर से आ रहे एक ट्रक को रोका और कागज दिखाने को कहा। चालक ने कागज दिखाने से इंकार किया तो अधिकारी ने एक लाख रुपये का जुर्माना डालने की बात कही। इसी पर चालक उग्र हो गया और वह यात्री कर अधिकारी पर लोहे की सरिया लेकर हमलावर हो गया। इस दौरान यात्री कर अधिकारी अपनी जान बचाकर वाहन से भाग खड़े हुए। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

यात्री कर अधिकारी मोहम्मद आरिफ शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयपुरिया स्कूल के सामने वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने एक ट्रक को रोका और चालक से कागजात दिखाने को कहा। चालक ने कागजात दिखाने से मना कर दिया। साथ ही गिट्टी की कांटा की पर्ची भी नहीं दिखायी । यात्री कर अधिकारी ने एक लाख रुपये जुर्माने की बात कही। इस पर चालक नाराज हो गया। उसने ट्रक से लोहे की सरिया निकाली और अधिकारी के साथ गालीगलौज करते हुए उन्हें धमकाने लगा। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गयी।

हाइवे पर भी एक लेन पर वाहनों का जाम लगने लगा। अन्य ट्रक चालक भी वाहनो से उतर आए । इस दौरान मामला बिगड़ता देख यात्री कर अधिकारी अपनी जान बचाकर वाहन में बैठ गए और निकल गए। ट्रक चालक का आरोप है कि कम लोड होने के कारण भी पीटीओ एक लाख रुपये का चालान काटने लगे। इस दौरान लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● **एक लाख रुपये का चालान काटने पर हुआ विवाद, अधिकारी जान बचाकर भागे**

चालक से कागजात दिखाने और माल का वजन कराने की बात कही गई थी। न तौल कराने और न पर्ची दिखाने पर 40 हजार रुपये जुर्माना की बात कही गई थी। एक लाख रुपये जुर्माना की बात गलत है। चालक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। – **मोहम्मद आरिफ**, यात्री कर अधिकारी

## खन्ना वारियर्स टीम ने 68 रन से जीता मैच

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचारः** पड़रिया तुला कस्बे की बाजार मंडी में स्व. सोमादेवी नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है। लीग मैच की श्रृंखला में शनिवार रात खन्ना वारियर्स की टीम ने ग्लैक्सी वारियर्स को हराकर सेमीफाइनल की राह आसान कर ली है।

शनिवार रात चार टीमों के बीच 10-10 ओवर के दो मैच खेले गए। पहला मैच शाम सात बजे पारुल रॉयल्स और किंग्स इलेवन पंजाब टीम के बीच खेला गया। इसमें किंग्स इलेवन पंजाब की टीम को विजेता रही। जबकि रात 10 बजे से दूसरा मुकाबला खन्ना वारियर्स पड़रिया तुला और ग्लैक्सी वारियर्स गुलरिया चीनी मिल के बीच खेला गया। इसमें खन्ना वारियर्स टीम के कप्तान विशु हलदर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

टीम के खिलाड़ियों ने दस ओवर में 105 रन बनाए। इसका पीछा करने उतरी ग्लैक्सी वारियर्स टीम 37 रन पर ही ऑल आउट हो गई। 68 रन से जीत हासिल कर खन्ना वारियर्स टीम ने सेमीफाइनल की राह आसान कर ली है। चार विकेट लेकर उम्दा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रोहित तिवारी को मुख्य अतिथि अंशिका सिंह एवं खन्ना वारियर्स टीम के मालिक श्याम खन्ना ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दिनेश गुप्ता, आशीष अवस्थी, अमनप्रीत सिंह, प्रदीप मिश्रा, विजय करन भारद्वाज, विजय सिंह आदि ने दोनों मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद धनराशि देकर सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया। इस दौरान नदीम अंसारी, धीरेंद्र यादव, धीरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, दीपक सिंह, रवि खन्ना, अमित वर्मा, शशिराज स्पंदन, राहुल नयन, कुलवंत सिंह, अमन बॉथम आदि मौजूद रहे।

● **पड़रिया तुला में हो रहा स्व. सोमादेवी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट**

## चांदपुर गांव में महिला की जलती चिता से पुलिस ने निकाले अवशेष

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर



गांव में जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** चांदपुर गांव में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटका मिला था। मृतका के ससुराल वालों ने शव को उतारकर पुलिस को बिना सूचना दिए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया था। शादी कराने व्यक्ति को जानकारी मिली तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जलती चिता से कुछ अवशेष बरामद किए है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी सुरेंद्र की शादी छह माह पूर्व बिहार की रहने वाली 22 वर्षीय रमावती के साथ हुई थी। पड़ोस के गांव छत्तरपुर पट्टी निवासी देवेंद्र उर्फ भंते ने करायी थी। 31 मई की रात में सुरेंद्र और उसकी पत्नी रमावती मकान के आंगन में सो रही थी। तड़के कमरे में जाकर उसने कुंडे से लटक कर जान दे दी। सुरेंद्र की नींद उसी समय खुल गयी। उसने देखा कि पत्नी गायब है। वह कमरे में गया और उसने देखा कि उसकी पत्नी का शव कुंडे से लटका हुआ था। उसने परिवार वालों की मदद से पुलिस को बिना सूचना दिए रमावती का शव नीचे उतार लिया। उसने रमावती के मरने की सूचना उसके मायके वालों को फोन से दी। उसने बताया कि रमावती ने फांसी लगाकर जान दे दी है। मायके वालों ने उसे मारकर लटकाने की बात कही। ससुराल वालों ने आनन-फानन में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इधर शादी कराने वाले देवेंद्र ने 112 डायल को सूचना दी। मृतका के परिवार वाले बिहार से चल दिए है। जलालाबाद के नायब तहसीलदार रोहित कुमार, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह और फोरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने चिता से कुछ अवशेष बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● **महिला का शव फंदे से लटका मिला था, बिना सूचना दिए कर दिया अंतिम संस्कार**

## अनुभवों का आदान-प्रदान करना है प्रबोधन वर्ग का उद्देश्य



बालिका इंटर कॉलेज में प्रबोधन वर्ग कार्यशाला में मौजूद प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में रविवार को छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर एक दिवसीय संकुल स्तरीय प्रबन्ध समिति प्रबोधन वर्ग कार्यशाला हुई। इसमें लखीमपुर संकुल के 14 विद्यालयों की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और प्रधानाचार्यों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला का आरंभ संकुल प्रमुख डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने इसकी जरूरत और उद्देश्य बताए। मुख्य अतिथि सीतापुर संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह ने कहा कि प्रबोधन वर्ग का उद्देश्य अनुभवों का आदान प्रदान करना होता है। उन्होंने विद्यालय के विकास एवं छात्र-छात्राओं के प्रभावी शिक्षण को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक जानकारी दी। बैठक में रवि भूषण साहनी सहित विभिन्न विद्यालयों की प्रबंध समिति सदस्य और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## बिना परमिट काटे आम के पांच पेड़

**धौरहरा, अमृत विचारः** धौरहरा वन रेंज के एक गांव में लकड़ कट्टों ने फलों से लदे प्रतिबंधित आम के पुराने पांच पेड़ काट डाले। सूचना पर वन विभाग ने केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की है।

धौरहरा वन रेंज के चौधरी पुरवा जटपुरवा गांव में बेखौफ लकड़ कट्टों ने बिना परमिट के कन्हैया मिश्रा निवासी नौबस्ता के खेत में लगे आम के पांच पुराने पेड़ काट कर गिरा दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी को दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे वन टीम सहित क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कटे पडे पेड़ों के 70 बोटे सीज कर दिए। साथ ही वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया बीट इंचार्ज की सूचना पर केस काट कर लकड़ी सीज की गई है। मौके से लकड़ कट्टे फरार हो गए।

## पुल की सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अस्पताल परिसर में बैठे मोहम्मद अली के परिजन।



मोहम्मद अली

● **सीढ़ियों से उतरते समय चप्पल फंसने के चलते हुआ हादसा**

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज पर उतरते समय लोहे की पत्ती में चप्पल फंस जाने से एक अधेड़ व्यक्ति सीढ़ियों से नीचे गिर गया। गुम चोट लगने से वह बेहोश हो गया। लोगों ने उसे प्लेटफार्म एक के चबूतरे पर लिटा दिया। जीआरपी और आरपीएफ ने उसे मेडिकल कालेज भेज दिया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह साढ़े पांच बजे 69 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति फुट ओवरब्रिज से प्लेटफार्म एक पर उतर रहा था। उसकी पैर की चप्पलें ओवरब्रिज की लोहे की पत्ती में फंस गई, जिससे सीढ़ियों से लुढ़कता हुआ नीचे गिरकर घायल हो गया। लोगों ने उसे उठाया और पार्सल घर के निकट पेड़ के चबूतरे पर लिटा दिया। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया। आरपीएफ और जीआरपी पहुंची और अधेड़ व्यक्ति को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास एक झोला था। पुलिस ने झोले और कुर्ता की तलाशी ली। उसकी जेब से एक मोबाइल का नंबर निकला।

जीआरपी के सिपाहियों ने मोबाइल नंबर मिलाया तो परिवार वालों ने उठाया। परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंचे और शव की शिनाख्त की। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि मृतक का नाम मोहम्मद अली है, जो सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला जलाल नगर में किराए के मकान में रहता है। उसके रिश्तेदार भी यहां रहते है। वह मूल रुप से उन्नाव का रहना वाला है। वह अपना निजी काम करके अजीविका चला रहे थे।

## सड़क दुर्घटनाओं में व्यक्ति की मौत, दंपती समेत तीन घायल



पोस्टमार्टम हाउस पर प्रकाश कनौजिया के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी 45 वर्षीय प्रकाश कनौजिया दो दिन पहले किसी काम से बाइक से शाहाबाद गए थे। शनिवार की रात नौ बजे वह शाहाबाद से लौट रहे थे।

हरदोई बाईपास चौराहे पर दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। गंभीर रूप से घायल प्रकाश कनौजिया की रविवार की सुबह मौत हो गयी। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव दहेलिया निवासी ध्रुव मिश्रा अपनी पत्नी पूजा मिश्रा के साथ बड़ावन गांव में फूंफा के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। रविवार की सुबह वह पत्नी के साथ बाइक से लौट रहे थे। बारह पत्थर चौराहे पर ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए।

## छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोपी शिक्षक पर मुकदमा

**अलीगढ़, एजेंसी:** जिले में एक छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक डिग्री कॉलेज के शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिले के गांधी पार्क थाने में शजरुद्दीन नामक एक शिक्षक के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। उसने बताया कि शजरुद्दीन पर अपनी एक छात्रा को मोबाइल फोन पर अश्लील संदेश भेजने का आरोप है। यह मामला पिछले दो दिनों से गरमाया हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के नेतृत्व में छात्रों ने आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग की। शिक्षक को आंतरिक जांच लंबित रहने तक वार्ष्णेय महाविद्यालय से दो महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि छात्रा ने पुलिस से शिकायत की थी। कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने पुलिस पर शिकायत पर कार्रवाई करने में आधिकारिक लापरवाही का आरोप लगाया।

# गांव-गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल बदलेगा तकदीर

### प्रति क्लस्टर पहले साल 7.16 लाख रुपये का मिलेगा अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा।

इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा। हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

**नेचुरल फार्मिंग से ग्राम पंचायतें बनेंगी कृषि नवाचार का केंद्र**

प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। यह अभियान किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग मॉडल से जहां खेती लाभकारी बनेगी, वहीं ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी। यह योजना न केवल खेतों की सेहत सुधारेगी, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लाएगी।

### क्वार्टर में संदिग्ध हालात में महिला फालोवर की मौत

**बरेली, अमृत विचार** : इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव रसौली निवासी कृष्णा देवी (57) के पति बरेली पुलिस लाइन में फालोवर के पद पर तैनात थे। वर्ष 1992 में उनके पति की मौत हो गई थी। उसके बाद से वह पुलिस लाइन में फालोवर के पद पर तैनात थीं। शनिवार रात वह खाना खाकर सोने के लिए चली गईं। सुबह जब नहीं उठीं तो परिजनों ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पेट्रोल डालकर पत्नी को जलाने की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की महिला ने सिपाही पति और जेठ पर मारपीट करने और पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के चनहेटी निवासी गीता ने बताया कि उनका विवाह जून 2024 में बरेली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही विमल कौशल से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति कम दहेज मिलने के कारण उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि जेठ राहुल कौशल भी उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे। उसकी मां ने जब विमल और राहुल से बात की तो दोनों ने कहा कि शादी में उन्हें 25 लाख रुपये मिलने थे, लेकिन कम दहेज मिलने के कारण अब वे उनकी लड़की को नहीं रखेंगे। विरोध किया तो पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की गई।

# दीवारों में दरारें, अलमारियों पर धूल जमी देख मंत्री भड़के

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सिर्फ नौकरी करने तक ही सीमित न रहें, डॉक्टर का जीवन मरीजों के लिए समर्पित होता है, इसलिए जरूरी है कि नये प्रयोग करते रहें, जो नए आविष्कार को जन्म देते हैं, साथ ही आयुर्वेदिक की नई विधाओं का प्रचार-प्रसार करें। ये बातें रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कहीं।

मंत्री ने सबसे पहले बीते साल बनीं व्यायाम शाला को देखा। व्यायाम संबंधी उपकरण देख सराहना की लेकिन पुराना भवन होने पर दीवारों पर दरारें और अलमारियों पर धूल जमी देख नाराजगी जताई और सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए।

जिन अलमारियों में पुस्तकें रखी थीं, उनपर पर भी धूल थी, जिसे साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्य गुण विभाग, रस शास्त्र विभाग, पंचकर्म हॉल, शल्यक्रिया ऑपरेशन थिएटर, दंत विभाग, पैथोलॉजी, गठिया सेंटर, स्क्रीनिंग कक्ष एवं पंजीकरण कक्ष का भी जायजा लिया।

इससे पहले प्रधानाचार्य डॉ. डीके मौर्य ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने कॉलेज सभागार में भगवान धन्वन्तरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। छात्रों से अच्छे चिकित्सक बनने के लिए कॉलेज के संसाधनों व शल्य विभाग में क्षार सूत्र चिकित्सा, पंचकर्म विभाग आदि में हो रहे कार्यों में भाग लेने और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। अस्पताल के द्वितीय तल पर खुला स्थान पर बने योगा स्थल पर टीन शेड डलवाने के आदेश दिए।

उन्होंने नवीन सभागार का उद्घाटन भी किया। आयुर्वेद निदेशालय से शिक्षा प्रभारी डॉ. संतोष सिंह, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. चंद्रभान सिंह, प्रो. प्रीति शर्मा, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. शांतुल गुप्ता, डॉ. दीपक आहूजा, डॉ. अरुणेंद्र सिंह, डॉ. अजय यादव आदि मौजूद रहे।

## शामली में रेल पटरी पर मिला लोहे का पाइप, हादसा टला

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी:** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में बलवा गांव के पास दिल्ली-सहारनपुर रलवे लाइन पर अराजक तत्वों ने 10 फुट लंबा लोहे का पाइप रख दिया। सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक की मुस्तैदी की वजह से हादसा टल गया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी चंद्रवीर सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक ने पटरी पर लोहे का पाइप रखा देखकर आपातकालीन ब्रेक लगा दिया जिससे ट्रेन समय रहते रुक गई और हादसा टल गया।

सिंह ने बताया कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने रेलवे ट्रैक पर भारी लोहे का पाइप रख दिया था। ट्रेन चालक की सतर्कता से दुर्घटना टल गई। शामली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामसेवक ने घटनास्थल का दौरा किया। औपचारिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना की वजह से रेलगाड़ियों की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित हुई।

# चालक को आई झपकी तो बजेगा अलार्म

- लखनऊ में ट्रायल पूरा होने के बाद जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा ट्रायल
- लंबी रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाए जाएंगे एंटी स्लीप डिवाइस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** परिवहन निगम रोडवेज की बसों में सवारियों की यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने को हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में रात के समय चालक को झपकी लग जाने से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने समाधान तलाशा है। रोडवेज की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने की बात कही जा रही है। जो झपकी आने पर चालक को सचेत करेगी। इस डिवाइस को एक्सीलेटर से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय स्तर पर लखनऊ रीजन की बसों में ट्रायल पूरा होने के बाद इसका ट्रायल जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा।

आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो से 800 से अधिक बसें विभिन्न मार्गों पर संचालित हैं। इनमें पचास फीसदी से अधिक बसें लंबे रूट दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए संचालित होती हैं। रात में संचालित होने वाली बसों में चालकों को झपकी आने की समस्या रहती है। ऐसी दशा में रोडवेज बसों में सेंसर युक्त एंटी स्लीप डिवाइस लगाने की पहल हुई है। बताया कि यह डिवाइस बस के एक्सीलेटर से जुड़ी होगी। यदि चालक एक्सीलेटर को दबाना छोड़ देगा या आवश्यकता से अधिक दबाएगा, तो अलार्म बजने लगेगा। इतना ही नहीं ड्राइवर की सीट के सामने सेंसर युक्त कैमरे भी लगाए जाएंगे, जो चालक की आंखों की हरकत पर नजर रखेंगे, अगर स्टेयरिंग पर कुछ देर मूवमेंट नहीं होती है तो डिवाइस से बीप-बीप की आवाज आएगी। स्टेयरिंग का मूवमेंट न होने पर अलार्म भी बजने लगेगा। इस तरह की डिवाइस बरेली रीजन की दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, राजस्थान समेत अय लंबी दूरी के रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाने की तैयारी है। सेंसर युक्त अलार्म डिवाइस चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा। अधिकारियों के मुताबिक बस की स्पीड अधिक होने पर भी यह अलार्म काम करेगा।

## बीएड प्रवेश परीक्षा : आसान रहे प्रश्न, खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

- पंजीकृत 3767 में से 3334 अभ्यर्थियों परीक्षा में भाग लिया
- बरेली कॉलेज और रुविवि में बनाए गए थे आठ परीक्षा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को आठ केंद्रों पर हुई। पंजीकृत 3767 में से 3334 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 433 अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरे खिले नजर आए। उनके अनुसार प्रश्न आसान रहे, जिससे उन्हें हल करने में ज्यादा समय नहीं लगा।

परीक्षा दो पॉलियों में हुई। प्रथम पाली सुबह 9 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर 2 से 5 बजे तक चली। बरेली कॉलेज और एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी केंद्र से गड़बड़ी या अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान, भाषा और सामान्य बुद्धिमत्ता जैसे विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जबकि द्वितीय पाली में शिक्षण अभिवृत्ति और विषय विशेष पर आधारित प्रश्न शामिल थे। अधिकतर अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रश्नपत्र संतुलित रहा। खासतौर पर भाषा और शिक्षण अभिवृत्ति के प्रश्न अपेक्षाकृत सरल रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर आदि को जमा कराया गया।

### लाभार्थियों का फीडबैक लेगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार मुफ्त राशन योजना के लाभार्थियों का फीडबैक लेगी। खाद्य विभाग का एक सॉफ्टवेयर विकसित हो रहा है। लाभार्थियों से पांच सवाल पूछे जाने हैं।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 6056/142सी0(ई0टेण्डर)–3/25 दिनांकः 28.05.2025

ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना तृतीय आमंत्रण

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ब इरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा दिनांक 04.06.2025 से दिनांक 10.06.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 10.06.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख म) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बरेली शाहजहॉपुर मार्ग से बिलहरी सम्पर्क मार्ग की पुर्ननिर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0 शाहजहॉपुर | 37.73 | 2.37 | 40.10 | 4.01 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP – 234408 **दिनांक:** 30/05/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**


# सहायता समूह से जुड़ीं 28 हजार महिलाएं बनीं लखपति दीदी

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू हुई थी योजना, 54 हजार महिलाओं के लिए मिला था लक्ष्य
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने पंजीकरण कराकर महिलाओं की बनवाई बैलेंस सीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 28 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन गईं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद बैलेंस सीट बनवाकर पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करा दी। 54 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभाग की ओर से तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं।

दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय लखपति दीदी योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य था कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सके। शासन से बीते वित्तीय वर्ष में 54 हजार महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य विभाग को मिला था।

विभागीय पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, अब तक 28 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी में शामिल कर लिया गया है। सर्वे में करीब 20 से 22 हजार महिलाएं ऐसी पाई गईं, जो पहले से एक लाख 20 हजार रुपये तक एक वर्ष में कमा ले रहीं थी, जबकि पांच से छह हजार उन महिलाओं को चुना गया, जिनकी आय 20 से 40 और 60 से 80 हजार रुपये तक सालाना थी। इनकी वार्षिक आय को बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से कोशिशें की गईं। भैंस पालन, मुर्गी पालन, जरी-जरदोजी, खेती-बाड़ी के काम के लिए प्रोत्साहित करते हुए वार्षिक आय एक लाख 20 हजार कर दी है।

## नोडल अधिकारियों ने आकांक्षात्मक ब्लॉकों में योजनाओं का हाल जाना

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉकों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विशेष सचिव स्तर के नामित किए गए तीन नोडल अफसरों की ओर से समीक्षा की गई। नोडल अधिकारियों ने तीन दिन तक बिंदुवार योजनाओं की स्थिति को जाना। अब इस रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे।

मुख्यमंत्री के आदेश पर आकांक्षात्मक ब्लॉकों में 30 मई से 1 जून तक स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पोषण, आधारभूत अवसंरचना, संबद्ध सेवाएं, सामाजिक विकास समेत 50 इंडीकेटर्स पर समीक्षा की गई। आकांक्षात्मक ब्लॉक बहेड़ी और फतेहगंज पश्चिमी में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा वित्त विभाग के विशेष सचिव जयशंकर दुबे, दमखोदा की समीक्षा अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल, शेरगढ़ की समीक्षा विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वितीय ने की।

# जरी कारीगर का हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

- गिरफ्तार हत्यारोपी ने कहा, पत्नी से थे अवैध संबंध, मना करने पर भी आता था घर
- बड़े हो गए बच्चे भी मारते थे ताना, इसी से परेशान होकर अरशद को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जरी कारीगर की चाकू से गोदकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार की देर रात पीलीभीत बाईपास पर हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। आरोपी से तमंचा और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने रविवार को जरी कारीगर हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जरी कारीगर अरशद उर्फ गुड्डू की हत्या आमिर ने चाकू से गोदकर कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस को देर रात सूचना मिली कि आमिर पीलीभीत रोड पर 99 बीघा के पास आला कत्ल छिपाने गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी आमिर पुलिस गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से अरशद की हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद किया है। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने आरोपी आमिर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

**पत्नी से बात करता था अरशद :** एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी आमिर ने पूछताछ में बताया कि वह रामपुर जिले के शाहबाद का रहने वाला है। अरशद ने उसके बेटे फरमान को जरी का काम सिखाया था। इसी बहाने अरशद उसके घर आने-जाने लगा और उसकी पत्नी से फोन पर बातें करने लगा। शक होने पर उसने व उसके बच्चों ने अरशद को मना किया, लेकिन नहीं माना। आमिर ने बताया कि उसे शक है कि उसकी पत्नी के अरशद से संबंध थे। इसे लेकर उसके बेटे भी ताने मारते थे। जब वह घर पर नहीं होता था, तब अरशद उसके घर पर आता जाता था। समझाने के बाद भी अरशद नहीं माना। इस पर परेशान होकर हत्या कर दी।


## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com,
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785
सीएलएम – शान्तनु प्रताप सिंह–9918837339, सीआरएम–दीपक कुमार शर्मा – 9359650607

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एनपीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | UP/LKN/BRLY/A000001358, श्री अनिल गुप्ता और श्रीमती रिकमणि देवी गुप्ता, दोनोंः काली मंदिर के पास जगतपुर सेमीअर्बन बरेली, यू.पी.- 243006 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 4661940/- दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | काली मंदिर के पास जगतपुर सेमीअर्बन बरेली, यूपी-243006 |
| 2 | UP/LKN/BRLY/A000001004 श्री अनिल कुमार श्रीमती कविता, दोनोंःकुरी बांगर, स्योहारा बिजनोर, सेमीअर्बन, बरेली, यू.पी.- 246746 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 28-03-2024 ₹ 4700112 दिनांक 03.10.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 163 बांके ग्राम करगैना, सेमनगर, बरेली, यूपी- 243001 |
| 3 | UP/LKN/BRLY/A000000569, श्री अरुण कुमार, चौधरी, तालाब गुलाब नगर सेमीअर्बन बरेली यूपी- 243003 और श्रीमती सीमा कश्यप, 62/40 चौधरी तालाब गुलाब नगर सेमीअर्बन बरेली यूपी- 243003 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 1060153 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | काधरपुर सेमीअर्बन बरेली यूपी-243001 |
| 4 | UP/BLY/BDAN/A000000094, श्री चेतन्य प्रकाश सिंह एवं श्रीमती मंजू जी, दोनों : ग्राम कंधापुर रेवती आँवला सेमीअर्बन बरेली उप- 243301 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 24-06-2024 ₹ 3500000 दिनांक 06.10.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | द्वारिकापुरम कॉलोनी, रामनगर रोड, आँवला सेमिरबन, बरेली यूपी- 243301 |
| 5 | UP/LKN/BRLY/A000001392, श्री फहीम खान और श्रीमती सकीला बेगम, दोनोंः 56 काजी टोला पुराना शहर शहरी बरेली यू.पी.- 243005 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 24-06-2024 ₹ 900000 दिनांक 06.10.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | 661.66 वर्ग फीट काजी टोला और जिला बरेली यूपी-243005 |
| 6 | UP/LKN/BRLY/A000001697, श्री जतिन कुमार अरोड़ा और श्रीमती गुरप्रीत कौर, दोनोंः चौधरी तालाब गुलाब नगर सेमीअर्बन बरेली यू.पी.- 243003 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 3544873 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | प्लॉट नं. 9 विहार मन नगला सेमीअर्बन बरेली, यूपी- 243001 |
| 7 | UP/LKN/BRLY/A000001151 श्री कपिल सक्सैना, श्रीमती सुचित्रा सक्सैना एवं श्रीमती तनु सक्सैना, दोनोंः 140 मुहल्ला श्री नारायणगंज नगर पालिका परिषद उझानी ग्रामीण बदायूँ यूपी- 243639 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 1067015 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | मुहल्ला श्री नारायणगंज नगर पालिका परिषद उझानी ग्रामीण बदायूँ उप-243639 |
| 8 | UP/LKN/BRLY/A000001308, श्री महरूम और श्रीमती शबनम, दोनों, भगवानपुर नयामतुल्ला सेमीअर्बन बरेली यू.पी.- 243503 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 705731 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | ग्राम ब्रह्मपुरा मो हुसैन जिला बरेली सेमीअर्बन यूपी-243001 |
| 9 | UP/LKN/BRLY/A000001560, श्री सौरभ वर्मा और श्रीमती अनुराधा वर्मा, दोनोंः 7 रामायण विहार डेलापीर आशापुरम विहार शहरी बरेली यू.पी.- 243122 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 2532136 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | बिटौरा थाना फतेहगंज वेस्ट अर्बन बरेली यूपी-243001 |
| 10 | UP/LKN/BRLY/A000001357, श्री विनोद कुमार श्रीमती अर्चना देवी, दोनोंः गांव हसनपुर तारखास फरीदपुर सेमीअर्बन बरेली यूपी-243503 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 3287561 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 339 बिहार नगला सेमीअर्बन बरेली यूपी- 243001 |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

**दिनांक : 31.05.2025, स्थान : बरेली** **प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**


# केदारनाथ यात्राः नए कीर्तिमान बने, 200 करोड़ का कारोबार

- 7 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं अभी तक बाबा के दर्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** श्री केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जहां बाबा केदार के दर्शन को देश-विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है।

वहीं, स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं से सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो रहा है।

बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है और इसी एक महीने में सरकारी सुविधाओं से लेकर स्थानीय व्यापारियों ने दो अरब से अधिक का कारोबार कर लिया है। वहीं, जून का महीना शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा भी होने लगा है, जिसका स्थानीय व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को पूरा लाभ मिलेगा।

वर्ष 2025 की यात्रा के लिए 2 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए थे। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है। रविवार 1 जून को बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 7 लाख पार हो चुकी है। पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को केदारपुरी पहुंचे हैं और यह संख्या और सिलसिला रोजाना बढ़ता ही जा रहा है।

**यहां इतना हुआ कारोबार**

इसके अलावा, हेली सेवाओं ने 35 करोड़ रुपयों का कारोबार किया तो डंडी–कंडी से एक करोड़ से अधिक की आय हुई है। वहीं, टैक्सी संचालन से करीब 7 करोड़ रुपए अर्जित किए गए हैं। इसके अलावा, होटल प्रतिष्ठानों ने 100 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।



श्री केदारनाथ धाम यात्रा उत्तराखंड की आस्था और संस्कृति की धुरी बन चुकी है। हम प्रयासरत हैं कि यात्रा सुरक्षित, सुगम और समृद्ध बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाएं। **–पुष्कर सिंह धामी**, सीएम

**घोड़ा-खच्चर संचालन से 40.5 करोड़ रुपये की आय**

श्री केदारनाथ धाम यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं। इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा–खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं। वहीं, खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य अनिवार्य सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में पहुंचाई जाती है।

## एक नजर

### एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मनोज को दोबारा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता मनोज यादव को फिर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग का चेयरमैन बनाया गया है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से इस सिलसिले में पत्र जारी किया गया। मनोज यादव सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर निरंतर आंदोलन चला रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी कारण उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पिछड़े वर्ग की जातियों के अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किये गए थे। पार्टी को इसके सकारात्मक परिणाम मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार मनोज यादव अभी दिल्ली में हैं। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### जीएनएम दाखिले के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू


**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेजों में संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित केंद्रीयकृत परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से यूपीजीईटी-2025 पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर कॉलेज आवंटित किए जाने हैं, इसके लिए कॉलेजों से सीट का ब्यौरा, शुल्क और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मांगी गयी हैं, जिसके बाद काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की जाएंगी।

# एक ही समय पर दो शोध के लिए मिला 98 लाख का अनुदान

## बीबीएयू का मामला : 10 लाख रुपये उपकरण और केमिकल के लिए मिले लेकिन विवि में कोई रिकार्ड नहीं

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शोध के नाम पर विश्वविद्यालयों में धन की कैसे बंदरबांट हो रही है, उसका ताजा उदाहरण राजधानी लखनऊ के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में देखने को मिला है। सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज अरोड़ा को एक ही वर्ष में दो शोध के लिए धन अवमुक्त कर दिया गया। पहला शोध 5 वर्ष में पूरा किया जाना था, उसके लिए 88 लाख रुपये भुगतान किया गया। दूसरा शोध 2 साल में पूरा किया जाना था। इस दूसरे शोध के लिए वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोध तो किये गए लेकिन वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीद का कोई ब्यौरा विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया।




बीबीएयू ने बताया, विभाग के पास कोई जानकारी नहीं।

शोधकर्ता को लेमिनर एयर फ्लो, रोटावेयर, रोटरी वैक्यूम पम्प, ऑटोक्लेव, रेफ्रीजरेटर, डीप फ्रीजर और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोधकर्ता ने भुगतान तो ले लिया लेकिन खरीद की कोई जानकारी विश्वविद्यालय को नहीं दी।

**नियमतः एक समय में एक ही शोध का मिलता है अनुदान:** नियम यह है किसी शोधकर्ता को एक समय में एक शोध के लिए वित्तीय सहायता मिलती है। शोध के लिए अनुदान भारत सरकार का विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय प्रदान करता है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 16 मार्च 2018 को समलिंगी स्वामी फेलोशिप 2016-17 के तहत 88 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई।

### सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लेने पर खुलासा

इस शोध घोटाले की किसी को खबर ही न हुई होती यदि इस मामले में सूचना के अधिकार के तहत पूछा न गया होता। खोजबीन शुरू हुई तो विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग के पास 10 लाख रुपये से खरीदी गई सामग्री का कोई हिसाब नहीं मिला। खरीदे गये उपकरणों के बारे में स्टोर के रिकार्ड में कोई जानकारी नहीं है। स्टोर ने लिखित जवाब दिया कि शोधकर्ता ने अपना खुद का रिकार्ड रजिस्टर बना रखा था और स्टोर को कभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के संकाय अध्यक्ष का लिखित जवाब है कि डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा की परियोजना से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज विभाग में उपलब्ध नहीं है। संकाय अध्यक्ष के जवाब पर अपीलीय अधिकारी (वित्त) ने उनसे पूछा कि शोध परियोजना के तहत वैज्ञानिक उपकरण एवं केमिकल्स आदि की खरीद के स्टाक का अंकन प्रमुख अन्वेषक शोध परियोजना द्वारा परियोजना के लिए बनाए गये खुद के रजिस्टर में रखते थे। इससे तो वित्त विभाग संतुष्ट है, लेकिन जब उन्हें कार्यमुक्त किया गया तब विभाग ने सभी औपचारिकताएं क्यों नहीं पूरी कीं? अधिकारियों से सवाल-जवाब किये गये। लेकिन सूचना के अधिकार से मांगी गई सूचना के जवाब में स्पष्ट लिखा गया कि विभाग के पास इस सम्बन्ध में कोई रिकार्ड मौजूद नहीं है।

### धनराशि लेने के बाद शोधकर्ता दो वर्ष के अवकाश पर

अनुसंधान परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने अनुसंधान के लिए सम्पूर्ण धनराशि 88 लाख रुपये प्राप्त कर ली। धनराशि प्राप्त करने के बाद डॉ. पंकज अरोड़ा दो साल के असाधारण अवकाश पर चले गये। विश्वविद्यालय के केंद्रीय जन सूचना अधिकार भंडार एवं खरीद अनुभाग ने लिखित बताया है कि अनुसंधान परियोजना के उपकरण और केमिकल खरीद का कोई रिकार्ड उनके पास नहीं है।

### अब्बास अंसारी मामले में हाईकोर्ट जाएंगे : राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि वह अपने विधायक अब्बास अंसारी के लिए हाईकोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश का स्वागत है लेकिन वह इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी ऊपरी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि सीट रिक्त घोषित करने में विधानसभा सचिवालय की ओर से खासी तेजी भी दिखाई गई।

# एसएएफ क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का होगा निवेश

## 18 से अधिक कंपनियां इकाइयां स्थापित करने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी की राउंडटेबल बैठक

**अमृत विचार :** प्रदेश में 18 से अधिक कंपनियों ने सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) इकाइयां स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखायी है। इन फर्मों ने सामूहिक रूप से यहां इस क्षेत्र में 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की रुचि दिखाई है। इनमें ग्रीनको, एएम ग्रीन्स, ई20 ग्रीनफ्यूल्स, न्यू एरा क्लीन टेक और मालब्रोस ग्रुप समेत डेढ़ दर्जन से अधिक कंपनियां शामिल हैं। इससे राज्य के वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग और प्रशस्त होगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) के विनिर्माण में अवसरों की खोज के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में एक उच्च-स्तरीय राउंडटेबल का आयोजन किया। इस बैठक में प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने इस उभरते हुए हरित ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।


**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ :** इस नीति के अमल में आने के बाद स्थानीय कृषि क्षेत्रों से सीधे कच्चा माल खरीदने से, यह क्षेत्र ग्रामीण आय को बढ़ाने और बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होगा। मनोज कुमार सिंह ने कहा, यह नीति हमारे हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाएगी।

### यूपी में लंबित जीएसटी मामलों का होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निवेशकों को सुविधाएं प्रदान करने और नीति संबंधी बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से जुड़े मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय सत्र का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित जीएसटी प्रतिपूर्ति मामलों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाले प्रोत्साहन और जीएसटी प्रतिपूर्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य निवेशकों के लिए एक सहज और सुविधाजनक वातावरण बनाना है। जीएसटी मुद्दों का शीघ्र समाधान उद्योग के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारी नीतियों को ठोस परिणामों में बदलने में मदद करेगा। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों की लंबित जीएसटी संबंधी चिंताओं को हल करना, राज्य के प्रोत्साहन तंत्र में स्पष्टता लाना और उत्तर प्रदेश को उद्योग-अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक सशक्त बनाना था। बैठक में प्रमुख उद्योग जगत के हितधारकों, अग्रणी जीएसटी विशेषज्ञों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। वरुण बेवरेजेज, बलरामपुर चीनी मिल्स और पसवाड़ा पेपर्स लिमिटेड सहित कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि, साथ ही पिकअप और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी भी इस चर्चा में शामिल हुए।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 4075 स्थानों पर होगा सामूहिक योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 4,075 स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। इसके पहले 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योग के प्रचार-प्रसार के लिए 5000 प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास करवाएंगे। योग प्रशिक्षकों और आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर योग सप्ताह की व्यापक तैयारी की गई है। इन समितियों के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, व्यावसायिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# योगी के लिए इस बार खास होगा जन्मदिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी
- मान्यता है इसी तिथि को हुई थी द्वापर युग की शुरुआत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है, लेकिन इसबार इसी दिन योगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यही नहीं, मुहूर्त इसे और खास बना रहे हैं। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है।

योगी के जन्मदिन 5 जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। योगी ने राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया था।

# अर्थव्यवस्था बढ़ाने में वित्त आयोग से उम्मीद

## मुख्यमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ 4 जून की प्रस्तावित बैठक को लेकर की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले पांच वर्ष का तय होगा खाका, योगी सरकार करों में हिस्सेदारी बढ़ाने की रखेगी मांग

**अमृत विचार :** 16वें वित्त आयोग से प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में वित्तीय सहायता मिलने की बड़ी उम्मीद है। यहां दौरे पर आ रही आयोग की टीम 4 जून को बैठक करेगी, इसे लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शीर्ष अधिकारियों की तैयारी बैठक हुई। इसमें अगले पांच वर्ष में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने की रणनीति बनाई गई।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में टीम यूपी में 3 जून सीधे अयोध्या में रामलला का दर्शन-पूजन और विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद शाम को लखनऊ आ जाएगी। यह आयोग 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि के लिए अपनी सिफारिशें देगा। आयोग का मुख्य काम केंद्र और राज्यों के बीच करों की आय का विभाजन निर्धारित करना है। यह आयोग राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के सिद्धांतों और मात्रा को भी निर्धारित करेगा। योगी सरकार को उम्मीद है कि आयोग से राज्य को वित्तीय सहायता मिलेगी ताकि विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को आयोग की बैठक के मद्देनजर आवास पर हुई तैयारी बैठक में केंद्रीय करों में राज्य हिस्सेदारी बढ़ाने पर मंथन किया। सूत्रों के अनुसार आयोग के साथ होने वाली बैठक में राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग रखी जाएगी। वर्ष 2015 तक राज्य को मिलती रही करों में 19.7 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर से दिए जाने की मांग पर सरकार का अधिक फोकस रहेगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी के लिए तय 41 प्रतिशत धनराशि को और बढ़ाने की मांग भी रखी जाएगी।

### विभागों व राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम चार जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेगी। इसके बाद शाम चार बजे से होटल रेनेशा में आयोग की टीम चार बैठकें करेगी। यह बैठकें नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजनीतिक दलों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ होगी। 5 जून को सुबह टीम का वाराणसी में विकास योजनाओं का निरीक्षण व भ्रमण करके अगले दिन वापस दिल्ली जाएगी।

# सीसीटीवी कैमरों के बावजूद मिला खामियों का अंबार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सीतापुर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण
- शिकायती पत्र से लेकर संसाधनों की अनदेखी देखने को मिली

**अमृत विचार :** प्रदेश में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बावजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को औचक निरीक्षण के दौरान सीतापुर जिला अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। एक के बाद एक खामियां मिलने पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन फटकार भी लगायी। अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में संसाधन जुटाने शुरू कर दिए हैं, स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा मरीजों के लिए अनुमन्य सभी दवाओं की उपलब्धता समेत 25 बिन्दुओं का पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर व अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जारी कर, कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीतापुर जिला अस्पताल अपवाद नहीं है, कमोवेश प्रदेश के अधिकांश अस्पतालों के हालात यही होने की संभावना है। इसके बाद इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर सेवा की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उक्त क्रम में सीतापुर जिला अस्पताल में सुबह ओपीडी में दिखाने के लिए पंजीकरण पर्चे 7.30 बजे से बनना शुरू हो जाएंगे।

सीतापुर जिला अस्पताल भी स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर एंड कंट्रोल रूम (हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवोल्यूशन, होप) से संबद्ध है और डेढ़ दर्जन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी भी हो रही है। बावजूद ओपीडी में डॉक्टर की अनुपस्थिति मिली, डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं मरीज बाहर से खरीदने के लिए मजबूर हैं, पर्चा काउंटर पर मरीजों को लंबी-लंबी लाइन में जूझना पड़ रहा है, परिसर में अधिकांश जगह सड़क खराब मिलीं, जिन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी में मरीजों को दुश्वारियों से बचाने व समय पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### उन्नत कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं : शिवराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को मेरठ के दबथुआ ब्लाक के सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में हिस्सा लेते हुए कहा कि बिना उन्नत कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से 16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को प्रत्यक्ष रूप से अपने शोध एवं अनुभव किसानों के बीच लाने तथा किसानों की समस्या व अनुभव के आधार पर नवीन शोध के लिए अवसर बनाने का निर्देश दिया गया है।

## वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| | | 4 | | | |
| | | | | | |
| | 5 | | | | |
| | | | | | 6 |
| 7 | | | | | |

### वर्ग पहेली -448 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | डु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 172 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20.37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 22.56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

**मेष** - आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष** - आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन** - आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क** - आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह** - आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या** - आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला** - आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक** - आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**धनु** - आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर** - आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** - आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन** - आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।



बंगाल में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।

## शाह का बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

# सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

### एक नजर

#### हिमाचल प्रदेशः सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

#### सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश कीः तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

# समय से पहले मानसून आने से मई में बिजली खपत चार प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बारिश ने कूलर और एसी जैसे उपकरणों द्वारा होने वाली बिजली खपत की कम

मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है।

पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। आईएमडी के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है। मई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति पिछले महीने घटकर लगभग 231 गीगावाट रह गई, जो मई 2024 में लगभग 250 गीगावाट थी। मई, 2024 में एक दिन में सबसे ज्यादा मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।

### बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने संसद सत्र बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है। उन्होंने कहा, चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि सरकार ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है।

## कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

#### केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

# भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि



1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

# बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

# इस्पात शुल्क चुनौतियों से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण उद्योग जगत की आई प्रतिक्रिया

अमेरिका द्वारा शुल्क संबंधी घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस्पात उद्योग के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत को व्यापार के बढ़ते जोखिम के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

प्रमुख इस्पात कंपनियों जेएसडब्ल्यू स्टील और एएमएनएस इंडिया ने कहा कि आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि हर देश अपने उद्योग की रक्षा कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को पेंसिल्वेनिया के इस्पातकर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर देंगे। इससे आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने में इस्तेमाल होने वाली धातु की कीमतें और बढ़ सकती हैं। शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ जयंत आचार्य ने कहा, हमें आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से और समय पर लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत में व्यापार का जोखिम बढ़ने की संभावना है।

## इंडिगो ने 30 ए350 विमानों का दिया ऑर्डर

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने रविवार को एयरबस को 30 और चौड़े आकार के ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर देने की घोषणा की, जिससे ऐसे विमानों की कुल संख्या 60 हो गई। एयरलाइन ने पिछले साल अप्रैल में 30 ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर दिया था।

उसके पास ऐसे 70 और विमानों का ऑर्डर देने का विकल्प भी था। इंडिगो के सीईओ ने कहा कि 70 विमानों के विकल्प में अब एयरलाइन 30 विमानों का निश्चित ऑर्डर दे रही है। एयरलाइन ने 900 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है, जो अगले साल से मिलने शुरू होंगे।

# सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

### सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

# ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट


| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |



मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो शॉट लगाते हुए। ● एजेंसी

# मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को दिया 204 रनों का लक्ष्य

## बारिश के कारण करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मैच, जॉनी बेयरस्टो ने बनाए 38 रन

**अहमदाबाद, एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के वर्षाबाधित दूसरे क्वालीफायर में छह विकेट पर 203 रन बनाये। करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया।

मुंबई के लिये जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके।

तीसरे ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। अगले ओवर में हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे। शुरूआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर से बेयरस्टो भी काफी आक्रामक खेल रहे थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिये 51 रन की साझेदारी की। मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में एक विकेट पर 65 रन बनाये। बेयरस्टो ने छठे ओवर में उमरजइ को कई बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाकर 15 रन निकाले। लेकिन वह अगले ओवर में विजयकुमार की गेंद पर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच दे बैठे। सूर्यकुमार के आते ही पंजाब ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को गेंद सौंपी लेकिन चहल अपने आखिरी ओवर में ही विकेट ले पाये। सूर्यकुमार ने 26 गेंद में 44 रन बनाये जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह चहल के आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर फ्रंटफुट पर खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर नेहाल वढेरा को कैच देकर लौटे। उन्होंने तिलक के साथ तीसरे विकेट के लिये 72 रन जोड़े। दो गेंद बाद तिलक भी पवेलियन लौट गए जिन्होंने 29 गेंद में दो छक्के और दो चौके जड़ते हुए 44 रन बनाये। वह काइल जैमीसन की गेंद पर मिड आफ में प्रियांश आर्य को कैच देकर लौटे। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने 12 गेंद में 15 रन बनाये।



झमाझम बारिश के कारण देर से शुरू हुआ मुकाबला। ● एजेंसी

**मुंबई इंडियंस**

**203/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का विशाख बो स्टोइनिस | 08 |
| जॉनी बेयरस्टो का इंगलिस बो विशाख | 38 |
| तिलक वर्मा का आर्य बो जैमीसन | 44 |
| सूर्यकुमार यादव का वढेरा बो चहल | 44 |
| हार्दिक पंड्या का इंगलिस बो उमरजइ | 15 |
| नमन धीर का स्टोइनिस बो उमरजइ | 37 |
| राज बावा नाबाद | 08 |
| मिचेल सेंटनेर नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-44-0, स्टोइनिस 1-0-14-1, उमरजइ 4-0-43-2, विशाख 3-0-30-1, चहल 4-0-39-1, जैमीसन 4-0-30-1

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।



सबा करीम व शुभमन गिल। ● एजेंसी

## मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृट चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## भारत ए की खराब गेंदबाजी, लायंस ने बनाए 527 रन

**कैंटरबरी :** भारतीय टेस्ट टीम में तेज गेंदबाज हरफनमौला की एकमात्र जगह पाने की कोशिश में जुटे शार्दुल ठाकुर और नीतिश कुमार रेड्डी के निराशाजनक प्रदर्शन से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को सात विकेट पर 527 रन बना लिए।

भारत के लिये एकमात्र राहत की बात पहले सत्र में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का प्रदर्शन रही जिन्होंने 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लिए। शार्दुल ने 21 ओवर में 90 रन दिये और उन्हें एक ही विकेट मिला जबकि रेड्डी ने 11 ओवर में 57 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड लायंस के लिये टॉम हैंस ने 171 रन और डैन मूसली ने 113 रन बनाए। भारत ए ने पहली पारी में 557 रन बनाये थे। मूसली तथा जमां अख्तर ने 108 रन की साझेदारी की।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।



आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।



जयपुर : पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। ● एजेंसी

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

यूक्रेन की 13वीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना तीन बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक की चुनौती होगी जिन्होंने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से हराया। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने तीसरे सेट में दबदबा कायम करते हुए 6-1 की जीत के साथ मुकाबला अपना नाम कर लिया।

**जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं।

## बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

# ईरान की परमाणु गतिविधियां सभी समझौतों के भीतर

दुबई, एजेंसी



• ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार की रिपोर्ट पर विदेश मंत्री ने आईएईए प्रमुख से की बात

ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो हथियार बनाने योग्य स्तर का है। टेलीग्राम पर अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित आईएईए के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी से बातचीत में ईरान के सहयोग पर जोर दिया।

आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है। रिपोर्ट में इसे गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। अराघची ने ग्रॉसी से बातचीत में इस चीज पर जोर दिया कि ईरान की सभी परमाणु गतिविधियां समझौतों के ढांचे के भीतर हैं और आईएईए द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। आईएईए ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि ईरान के कई स्थानों पर (जिन्हें तेहरान परमाणु स्थल घोषित करने में विफल रहा है) आईएईए निरीक्षकों द्वारा यूरेनियम की मौजूदगी का पता लगाने के मामले में उसके साथ ईरान का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा है।

# रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** पश्चिमी रूस में शनिवार रात में विस्फोटों से दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गईं। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया। यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुर्स्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने रविवार को बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना से आग लग गई।

# बढ़ती उम्र और नींद

भागदौड़ भरी जीवनशैली में देर रात तक जागना आम है। युवा से लेकर कामकाजी लोग तक, कई कारणों से देर तक जागते हैं- चाहे वह मोबाइल फोन हो, काम का दबाव हो या मनोरंजन। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आदत आपके दिमागी स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है? हाल ही में किए गए एक बड़े अध्ययन से यह सामने आया है कि जो लोग देर रात तक जागने के आदी हैं, उनकी दिमागी क्षमता उम्र के साथ तेज़ी से घटती है। इसके उलट, सुबह जल्दी उठने वालों में यह गिरावट अपेक्षाकृत धीमी होती है। नींद की नियमितता, जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों का हमारे मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर सीधा असर होता है। हाल ही में नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ग्रोनिंगन द्वारा किए शोध में यह बात सामने आई है कि रात में देर तक जागने वालों की दिमागी क्षमता उम्र के साथ घटती है। इसमें 23,800 लोगों को शामिल किया गया, जिनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता का विश्लेषण 10 वर्षों तक किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव

### क्रोनोटाइप और सोना-जागना

शोध के अनुसार, व्यक्ति का क्रोनोटाइप—यानी वह दिन के किन हिस्सों में ज्यादा सक्रिय रहता है—यह तय करता है कि उसकी नींद और जागने की आदतें कैसी हैं। देर रात तक जागने वाले लोगों का सोने-जागने का चक्र देर से शुरू होता है, जबकि सुबह जल्दी उठने वाले लोग जल्दी सोते और उठते हैं।



### जीवनशैली-मस्तिष्क पर असर

शोध में पाया गया कि देर तक जागने वाले लोग अधिक धूम्रपान करते हैं, शराब का सेवन ज्यादा करते हैं और कम शारीरिक गतिविधि करते हैं, जिससे उनकी दिमागी सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### उम्र के साथ-साथ नींद के चक्र में बदलाव

बचपन में अधिकतर बच्चे जल्दी उठते हैं, किशोरावस्था में देर से जागने लगते हैं और 20 की उम्र के बाद फिर धीरे-धीरे सुबह उठने की प्रवृत्ति लौटने लगती है। हालांकि यह बदलाव सभी में नहीं होता।

### सलाह-समाधान

शोधकर्ताओं की सलाह है कि जितना संभव हो, व्यक्ति को अपने प्राकृतिक नींद चक्र के अनुसार जीवनशैली अपनानी चाहिए। जब शरीर मेलाटोनिन नहीं बनाता, तब ज़बरदस्ती सोने की कोशिश न करें। यदि कोई व्यक्ति रात में जागने का आदी है, तो उसे काम शुरू करने का समय भी उसी के अनुसार होना चाहिए, ताकि मस्तिष्क को पूरा आराम मिल सके और दीर्घकालिक मानसिक समस्याएं न हों।

### उच्च शिक्षित लोगों में नींद की समस्या

शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि अच्छी शिक्षा पाने वाले कई लोग, जो सुबह जल्दी नौकरी पर जाते हैं, उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती। इससे मस्तिष्क को पूरा विश्राम नहीं मिल पाता, और उनकी मानसिक क्षमता धीरे-धीरे घटने लगती है। शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि 25% मामलों में दिमागी गिरावट का कारण धूम्रपान और खराब नींद होती है।

### सोने की आदतों का रखें ध्यान

इस शोध का सार यही है कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नींद की आदतों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि दिमाग को भी रोज़ विश्राम की ज़रूरत होती है।

## एक नजर

### धूल भरी आंधी में फंसा इंडिगो का विमान

**नई दिल्ली।** रायपुर से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट को उस समय बड़ी परेशानी हुई, जब वह दिल्ली एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही तेज धूल भरी आंधी में फंस गई। इस खराब मौसम और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के कारण विमान को लैंडिंग से ठीक पहले वापस उड़ान भरना पड़ा। दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी से रनवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पायलट ने ऐसे में वापस उड़ान भरने का फैसला किया। पायलट ने कई बार हवाई अड्डे के आस-पास चक्कर लगाए। वहीं मौसम सामान्य होने पर पायलट ने विमान को सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा।

### जर्मनी: अस्पताल में लगी आग, 3 की मौत, 50 झुलसे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। हैम्बर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है।

### फ्रांस: जीतने की खुशी मनाने के दौरान दो की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

### तुर्की-पाकिस्तान सीमा पर आईएस सरगना हिरासत में

**अंकारा।** कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट( आईएस-रूस में प्रतिबंधित) के सरगना को गुप्त खुफिया अभियान के दौरान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर हिरासत में लिया गया। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तुर्की और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के अभियान में ओजगुर अल्तुन को पकड़ा गया, जो आईएस मीडिया और रसद का प्रभारी है। तुर्की राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने तुर्की के खिलाफ आईएस की साजिशों तथा आतंकवादी अभियानों को विफल किया है।

# पाकिस्तान आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, ग्रे लिस्ट में डालें : ओवैसी

## अल्जीरिया में बोले- पाकिस्तानी जेल में बंद आतंकी लखवी पिता बन गया, इतनी ढील

अल्जीयर्स, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम ) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। वह अल्जीरिया के दौरे पर हैं, जहां वह भारत के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी कैद के दौरान पिता बन गया, जो यह दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को कितनी ढील देता है। किसी भी जिम्मेदार देश में आतंक के आरोपों में बंद व्यक्ति को ऐसी छूट नहीं दी जाती। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा बढ़ा। उन्होंने एफएटीएफ और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की ताकि आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सके।



उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों की हत्या इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है और पाकिस्तान अब 'तकफीरवाद' का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की विचारधारा आईएसआईएस और अल-कायदा जैसी संगठनों से मेल खाती है, जो धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराती है, जबकि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला हैं। यह दल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा कर रहा है।

### सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्रिटेन और स्पेन

**लंदन/मैड्रिड।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का संदेश लेकर रविवार को लंदन और स्पेन पहुंचा। लंदन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं और स्पेन पहुचे प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि कर रही हैं। लंदन गया प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयले, हिंद-प्रशांत के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट, सांसदों, थिंक टैंक और भारतीय समुदाय से बातचीत करेगा। वहीं स्पेन गया प्रतिनिधिमंडल वहां के नेताओं, अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर भारत के नजरिए से उन्हें अवगत कराएगा।

### थरूर का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्राजील

**ब्रासीलिया।** शशि थरूर का प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा जो भारत की नीतियों से वहां के नेताओं को अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल का दूतावास प्रभारी संदीप कुजूर ने स्वागत किया। ब्राजील में भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा, जिनमें राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम, विदेश मामलों की महासचिव मारिया लौरा दा रोचा, ब्राजील की सीनेट में भारत-ब्राजील मैत्री मोर्चे के प्रमुख सीनेटर नेल्सन ट्रैड और ब्राजील के 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बैरोस शामिल हैं।

### पाकिस्तान से बातचीत पीओके वापस लेने पर

**कुआलालंपुर।** मलेशिया गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान से अगली बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) वापस लेने पर होनी चाहिए। हम दशकों से पाकिस्तान से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है-पाकिस्तान के साथ गतिरोध।

### झूम उठा शिमला



शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 की धूमधाम भरी शुरुआत रविवार को हुई, जब शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने रंग-बिरंगे लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश करते इन नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजेंसी

# भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु

नई दिल्ली, एजेंसी



• एक्सिओम स्पेस के चौथे मिशन के तहत अंतरिक्ष स्टेशन जाने को शुक्ला तैयार

भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर होंगी। अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे।

# इजराइली सेना की गोलीबारी से गाजा में 31 फलस्तीनियों की मौत, 69 घायल

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी में खाद्य सामग्री लेने के लिए सहायता केंद्र जाते समय 31 लोगों की मौत हो गई और 69 से अधिक लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और कई प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित संस्था द्वारा संचालित सहायता स्थल से एक किलोमीटर दूर भीड़ पर गोलीबारी की। सेना ने कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर इजराइली सेना की गोलीबारी से हुई हानि के बारे में जानकारी नहीं है। मामले की अभी समीक्षा की जा रही है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने सहायता वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रविवार से पहले सात लोग मारे गए तथा 69 से अधिक घायल हो गए।

### हमास युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा: इजरायल



**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को दी। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया, हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# आईसीटी ने हसीना पर कई अपराधों के लगाए आरोप

ढाका, एजेंसी



• छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में हसीना की भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य अपराधों के लगाए गए आरोप

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के 10 महीने बाद शुरू हुई।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में आईसीटी की तीन सदस्यीय पीठ कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून इस समय हिरासत में हैं और उनकी उपस्थिति में मुकदमा चलेगा। अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है।

### बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने जमात ए-इस्लामी पार्टी को किया बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध हटाने के आठ महीने बाद, न्यायालय ने चुनावों में इसकी भागीदारी का रास्ता साफ कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश सैयद रफात अहमद की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की अपीलीय शाखा ने आयोग को पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह चुनाव आयोग को तय करना है कि जमात अपने पारंपरिक 'तराजू' चुनाव चिह्न का उपयोग करके चुनाव लड़ सकती है या नहीं। चुनाव आयोग ने उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुरूप दिसंबर 2018 में जमात का पंजीकरण रद्द कर दिया था, जो 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध कर रही थी।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका



• अमेरिकी प्रवक्ता ब्रूस बोलीं- दोनों पक्षों के बीच बातचीत की दी सुविधा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

ब्रूस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी जरूरतों से अवगत थे, लेकिन परिणाम उन पर निर्भर करेगा। अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है। ट्रंप ने तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत और व्यावहारिक समाधान पर पहुंचने में दोनों पक्षों की असमर्थता पर अमेरिका की निराशा को बार-बार व्यक्त किया है और कहा है कि यदि कोई समाधान नहीं निकलता है, तो अमेरिका शांति वार्ता से बाहर निकल जाएगा।

### रूस का यूक्रेन के सैन्य केंद्र पर हमला, 12 की मौत

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हमला अपराह्न 12 :50 बजे हुआ। उसने दावा किया कि हमले के समय कोई सैन्य तैयारी नहीं हो रही थी। यूक्रेन की थलसेना ने बताया कि हमले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसमें इतने कर्मी हताहत हुए हैं। यूक्रेन का यह प्रशिक्षण केंद्र अग्रिम मोर्चे से 1,000 किलोमीटर दूर है। इस स्थान को रूस के टोही और हमलावर ड्रोन निशाना बनाने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है और एक स्थान पर सैनिकों के जमावड़े के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरत रही है, क्योंकि अग्रिम मोर्चे पर आसमान रूसी ड्रोन से भरे हैं जो निशाने की तलाश में रहते हैं।

# नेपाल में राजशाही समर्थकों का प्रदर्शन पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के समर्थक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आवास बलुवाटर की ओर बढ़े तो पुलिस से झड़प हो गई।

**चिंताजनक** उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे

# लालच देकर नाबालिगों को लक्ष्य बनातीं अवैध साइट

• रिपोर्ट के अनुसार, ये मंच, 28% जीएसटी व टीडीएस से मुक्त हैं

• अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी



अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है।

सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलिगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं। सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2025 के लिए परीमैच की ट्रैफिक हिस्सेदारी अमेजन.इन, विकीपीडिया.ओआरजी, गूगल.को.इन, एक्स.कॉम, हॉटस्टार.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, लिंक्डइन.कॉम, कोरा.कॉम और रेडिट.कॉम जैसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मंच से भी आगे निकल गई।

### जांच के बाद 357 साइट की गईं ब्लॉक

रिपोर्ट कहती है, अप्रैल, 2024 और मार्च, 2025 के बीच कुल ट्रैफ़िक का 66 प्रतिशत से अधिक (3 .5 अरब से अधिक विज़िट) प्रत्यक्ष ट्रैफ़िक के माध्यम से है। इसका अर्थ है कि उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप से यूआरएल दर्ज कर रहे हैं, बुकमार्क का उपयोग कर रहे हैं, या निजी चैनल से लिंक कॉपी कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर-अनुपालन वाली वेबसाइट/यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।